हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 13 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री



11 मतदाता गहन पुनरीक्षण में जुट गया प्रशासनिक अमला, दे रहे मार्गदर्शन



न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाउस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

### खबर संक्षेप



## 85 लाख के गबन के मामले में एक और हुआ गिरफ्तार

**भिलाई।** किसानों के लोन रकम को वसूली कर बैंक कर्मियों ने अपने उपयोग में लाकर जमा नहीं कर गबन करने के मामले में दसवां आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि स्माल फायनेंस बैंक शाखा दुर्ग प्रबंधक मोहित देशमुख की शिकायत पर चिनौरी जिला कांकेर निवासी हरिश पोया को गिरफ्तार किया गया है। अब तक गबन मामले में पुलिस ने 10 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। गौरतलब हो की ग्राम चन्द्रखुरी निवासी हिरन बाई साहू समेत अन्य 239 उपभोक्ताओं से बैंक का लोन वसूल कर उसे जमा न कर स्वयं के उपयोग में लाया। करीब आरोपियों ने 85 लाख रुपए का है। जब लोन को नोटिस किसानों के पास आया तो तब गबन का खुलासा हो पाया।

### पुलिस ने अपचारी बालक समेत तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

# रकम नहीं लौटाने पर पहले भेजा गाली वाला मैसेज फिर मामा-भांजे ने मिलकर पीट-पीट कर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई/अंडा

लेनेदन की रकम नहीं लौटाने पर मोबाइल में गाली गलौज का मैसेज किया गया।आक्रोशित युवक के पहुंचने पर माम भांजा समेत तीन युवकों ने लाठी, हाथ-मुक्के से वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना मंगलवार की रात की है। मामले में पुलिस ने दो युवक समेत एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। अंडा पुलिस ने बताया कि गुरुवार बाजार अंडा निवासी ओंमकारेश्वर उर्फ ओंकार सिन्हा शीतला तालाब शांति चौक के पास पहुंचा था। इस दौरान गांव के अजीत धीवर, छोटा भाई नमेश धीवर और भांजा अपचारी बालक ने मिलकर रकम के लेन देन को लेकर ओंकार से विवाद किया। विवाद इतना बढ़ गया कि तीनों ने मिलकर हाथ मुक्का लाठी से वार कर फरार हो गए। परिजनों को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे और ओंकार को उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए। जहां उपचार के दौरान डॉक्टर ने ओंकार को मृत घोषित कर दिया। मृतक ओंकार ने आरोपियों से दो हजार रुपए उधार लिया था लगातार लौटाने की बात को लेकर विवाद हुआ करता था। लेकिन मंगलवार को आरोपियों ने ओंकार के मोबाइल पर रकम लौटाने की बात को लेकर गाली गलौज का मैसेज भेजा। उसके बाद आक्रोश में आकर ओंकार अजीत, नमेश से मिलने शांति चौक पहुंचा था। विवाद बढ़ने पर साजिश के चलते तीनों ने ओंकार की हत्या कर दी।



### परिजनों के साथ भी मारपीट

पुलिस ने बताया कि ओंकार के घटना की जानकारी भाई नागेश्वर और उसकी मां लक्ष्मी सिन्हा शीतला तालाब शांति चौक पहुंचे। मृतक की मां और उसके भाई के साथ तीनों आरोपियों ने मिलकर बीच बचाव करते समय हाथ मुक्का, लाठी से मारपीट किया। मारपीट नागेश्वर के दाहिने हाथ कलाई, पीछे सिर, नाक पर चोट आई है। मृतक को सीने समेत शरीर विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आने से सांस लेने में उसे दिक्कत हो रही थी। तभी परिजनों ने उसे अस्पताल लेकर गए थे। परिजनों का आरोप है कि अजित,नमेश धीवर समेत अन्य ने मिलकर जबरन मारपीट किया। आरोपियों के मारपीट से शरीर पर गंभीर चोट आई जिसके कारण ओंकार की मौत हो गई।

### लगातार हो रही हत्या की घटनाएं पुलिस नहीं लगा पा रही अंकुश

**केस 1 :** प्रेम प्रसंग के चलते खुर्सीपार निवासी धीरज उर्फ विक्की सरोज का युवती के भाई समेत तीन युवकों ने मिलकर लाठी डंडे से पीट-पीटक हत्या कर दी थी।

**केस 2:** आपसी रंजिश के चलते रानीतराई क्षेत्र में 23 अक्टूबर की रात खुबीराम साहू नामक युवक की हत्या पांच लोगों ने मिलकर किया था। पुलिस ने पांच आरोपियों गिरफ्तार किया।

**केस 3:** लव मैरिज को लेकर युवती के भाई नीरज ठाकुर को प्रेमी के दोस्तों ने 18 अक्टूबर की रात मिलकर लोहे की रॉड से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना डिपरा पारा वार्ड 39 दुर्ग की है।

**केस 4:** घरेलू विवाद के चलते नंदिनी थाना क्षेत्र में केम्प 1 निवासी बलविंदर उर्फ बंटी का विवाहित के साथ लिव इन रिलेशन में रहता था। महिला के पहले से दो बेटे थे। दोनों युवकों ने मिलकर 30 सितंबर की रात बलविंदर को फावडा मारकर हत्या कर दी थी। दोनों की गिरफ्तारी भी पुलिस ने किया।



**4 साल में हत्या के आंकडे**

| 2022 | 2023 | 2024 | 2025 |
|---|---|---|---|
| 39 | 47 | 61 | 31 |

### घटनास्थल के पास नशेड़ियों का अड्डा

जहां पर आरोपी युवकों ने ओंकार को मौत के घाट उतारा था वहां पास में शराब की खाली बोतले भारी मात्रा में मिली थी। संदेह जताया जा रहा है कि आरोपियों ने ओंकार की हत्या शराब पीने के बाद किया होगा। फिलहाल अंडा पुलिस जांच में जुटी हुई है। जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा। अंडा थाना क्षेत्र में कई जगहों पर नशे का अंडा है। जहां शराब पीने के लिए युवकों का मजमा लगता रहा था। जिसकी शिकायते भी कई बार आ चुकी है।

# जिला शिक्षा विभाग ने बनाई जांच कमेटी, आज आएगी रिपोर्ट, लापरवाह शिक्षकों पर गिरेगी गाज


आक्रोशित परिजनों ने स्कूल में किया प्रदर्शन, फूटा गुस्सा
आत्मानंद स्कूल में नाबालिग पर कटर से जान... हमला, स्कूल प्रबंधन की लापरवाही पर भड़के परि...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले के एक सरकारी स्कूल में नाबालिग छात्र पर हुए प्राणघातक हमले के मामले को जिला शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लिया है। दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी ने इस घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। जांच रिपोर्ट गुरुवार शाम तक आने की संभावना है। रिपोर्ट के बाद लापरवाही बरतने वाले शिक्षक और शिक्षिकाओं पर कार्रवाई की जाएगी। अब जिला शिक्षा विभाग की जांच से यह तय होगा कि आखिर गलती कहां हुई।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को सेक्टर-7 स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में 9वीं कक्षा के एक नाबालिग छात्र ने अपने 17 वर्षीय साथी छात्र पर धारदार कटर से हमला कर दिया था। हमले में घायल छात्र के शरीर पर करीब 30 टांके लगे हैं। घटना के बाद स्कूल में अफरा-तफरी मच गई थी। परिजनों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने घायल बच्चे को अस्पताल भेजने की कोई व्यवस्था नहीं की। एम्बुलेंस तक नहीं बुलाई गई। पिता को खुद अपने टेम्पो से बेटे को जिला अस्पताल दुर्ग पहुंचाना पड़ा। इस लापरवाही से नाराज परिजनों और स्थानीय लोगों ने मंगलवार को स्कूल का घेराव कर प्रदर्शन किया था। उन्होंने स्कूल प्रिंसिपल पर कार्रवाई और बर्खास्तगी की मांग करते हुए धरना दिया था। मौके पर पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के आश्वासन के बाद घायल छात्र के आक्रोशित परिजन वापस लौट गए थे।

### सभी स्कूलों में छात्रों के बैग की होगी तालाशी

आत्मानंद स्कूल में नाबालिग छात्र द्वारा साथी छात्र पर किए गए जानलेवा हमले के बाद जिला शिक्षा विभाग सतर्क हो गया है। इस घटना के बाद जिले के सभी स्कूलों के प्राचार्यों को छात्रों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। सभी स्कूलों में अब बच्चों के बैग की नियमित जांच की जाएगी ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। स्कूल में मुख्य गेट एक बार बंद हो जाने के बाद न तो छात्रों को अंदर प्रवेश करने दिया जाएगा और न ही किसी शिक्षक-शिक्षिका को। स्कूलों में अनुशासन बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। अगर किसी शिक्षक या शिक्षिका द्वारा लापरवाही बरती जाएगी तो उन पर भी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# सीएसपीडीसीएल कर रहा महिला के मौलिक अधिकारों का हनन, कई कार्यालयों में अलग से महिला शौचालय नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

एक तरफ केंद्र सरकार स्वच्छ भारत मिशन चलाकर स्वच्छता का संदेश दे रही है, वहीं दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कार्पोरेशन लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) अपने कार्यालयों में महिला और पुरुष कार्मचारियों के लिए अलग-अलग टॉयलेट की व्यवस्था नहीं करा पा रहा है। सबसे बुरा हाल दुर्ग संभाग का है। यहां के सब स्टेशन में या तो टॉयलेट ही नहीं है और जहां हैं वहां एक ही कॉमन टायल बनाया गया है। इससे यहां काम करने वाली महिला कर्मचारियों को काफी परेशानी हो रही है।

एक महिला कर्मचारी ने नाम ना बताने की शर्त पर बताया कि पूरे प्रदेश में चेयरमैन, प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशक, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता और कार्यपालन अभियंता के जैसे बड़े अधिकारियों के बैठने वाले कार्यालयों में अच्छी व्यवस्था है। वहां अलग-अलग महिला और पुरुष के लिए टॉयलेट बने हुए हैं। लेकिन जोन और सब डिवीजन ऑफिस में यह व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही है, जबकि वहां भी महिला कर्मचारी काम कर रही हैं। इससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### बिना टॉयलेट के ही संचालित हो रहा कार्यालय

बिजली विभाग के कर्मचारी नागेश्वर राव ने बताया कि मुरमुंदा वितरण केंद्र, कुम्हारी उप संभाग, अहिवारा संभाग पिछले तीन साल से बिना शौचालय के संचालित हो रहे हैं। यहां काम करने वाले पुरुष कर्मचारी किसी तरह बाहर चले जाते हैं, लेकिन महिला कर्मचारियों को कई कई घंटे इसे रोककर रखना पड़ा है। इससे उनके इंटर्नल आर्गन्स में समस्या हो रही है।

### ये कार्यालय सिर्फ एक टॉयलेट के भरोसे

राव के मुताबिक उतई सब डिवीजन, रिसाली जोन, भिलाई टाउन जोन, नेहरू नगर जोन, कोहका जोन, भिलाई चरोदा जोन, वैशाली नगर जोन, पाटन उप संभाग, सेलूद उप संभाग और सुपेला उप संभाग सहित बालोद संभाग, साजा संभाग, बेमेतरा संभाग के वितरण केंद्र और सब डिवीजन कार्यालय में आउट सोर्सिंग और कर्मचारी अधिकारी हैं। इसके बाद भी ये कार्यालय सिर्फ एक कॉमन टायलेट के भरोसे ही संचालित हो रहे हैं।

### हर सब डिवीजन में 3-4 महिला कर्मचारी




सीएसपीडीसीएल राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर (शहर), रायपुर (ग्रामीण), बिलासपुर, अंबिकापुर, रायगढ़ और जगदलपुर सहित 8 रीजन में विभाजित होकर संचालित हो रहा है। पूरे प्रदेश भर में 16-17 हजार रेगुलर और आउटसोर्सिंग कर्मचारी अधिकारी काम कर रहे हैं। इसमें 4-5 हजार महिला कर्मचारी हैं। सबसे अधिक डाटा एंट्री ऑपरेटर की पोस्ट में महिला कर्मचारियों को रखा जाता है। नियम के मुताबिक एक सब डिवीजन में 7 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की पोस्ट है।

### कुम्हारी उप संभाग का बुरा हाल

कुम्हारी उप संभाग की बात की जाए तो यहां एक महिला कनिष्ठ यंत्री, एक डाटा एंट्री ऑपरेटर, एक आउट सोर्सिंग डाटा एंट्री ऑपरेटर और एक महिला दफ्तरी के पद सहित 4 महिला कर्मचारी पदस्थ हैं। लेकिन इनके लिए अलग से टायलेट की व्यवस्था नहीं है।

### कई-कई घंटे नहीं जाती हैं टॉयलेट

एक महिला कर्मचारी ने बताया कि उन्हें लगभग 8 घंटे की ड्यूटी के दौरान कार्यालय में रहना पड़ता है। ऑफिस में एक कॉमन टॉयलेट होने से उन्हें वहां जाने में शर्म महसूस होती है। इसके चलते वो कई कई घंटे अपनी शंका को रोककर रखती हैं। जब बर्दाश्त से बाहर हो जाता है तो अपनी दूसरी महिला सहकर्मी को साथ लेकर जाती हैं, जिससे वो टॉयलेट के बाहर खड़ी रहती है, ताकि कोई पुरुष कर्मचारी धोखे से वहां ना आ जाए। काफी देर तक शंका रोककर रखने से उनके इंटर्नल ह्यूमन आर्गन डैमेज हो रहे हैं।

### सभी जगह महिला टॉयलेट बनाने दिए गए हैं निर्देश

जिस कार्यालय में भी महिला कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां सभी जगह महिला और पुरुष शौचालय अलग अलग हैं। जहां नहीं हैं वहां जल्द से जल्द टॉयलेट बनाने के निर्देश दिए गए हैं। - **संजय खंडेलवाल** मुख्य अभियंता, सीएसपीडीसीएल दुर्ग

# चाकूबाज और नशाखोरों की जानकारी देने वाले को मिलेगा 10 हजार तक का ईनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने अनोखी पहल की है। उन्होंने दुर्ग जिले में युवकों के बीच लोगों को डराने धमकाने, दहशतगर्दी, चाकूबाजी और मारपीट जैसी वारदातों के पीछे हथियार और सूखे नशे के बढ़ते प्रभाव पर अंकुश लगाने के लिए गुप्त शिकायत पेटी विधायक कार्यालय में लगाने का निर्णय लिया है, जिसमें कोई भी व्यक्ति चाकूबाद, संदिग्ध व्यक्तियों, नशाखोरी और आपराधिक कृत्य करने वालों की जानकारी दे सकता है। ऐसे लोगों का नाम गुप्त रखा जाएगा। साथ ही आरोपी के पकड़े जाने पर 1 हजार रुपए से 10 हजार रुपए तक का इनाम दिया जाएगा। बतां दें कि जिले में पिछले कुछ समय में अपराधों का ग्राफ बढ़ा है। इसके बाद यह निर्णय लिया गया।

### सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ पोस्ट करने वाले पकड़ में

**भिलाई।** सोशल मीडिया पर हथियार के साथ पोस्ट करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि चाकूबाज गुंडा व निगरानी बदमाश ऑनलाइन अमेजॉन फ्लिपकार्ट , मीशो कंपनी के माध्यम से घातक हथियार मंगाकर अपने साथ फोटो खींचाकर वायरल करने वाले पुलगांव 2, मोहन नगर 1, खुर्सीपार 7 आरोपी शेख अलराज, रवि विश्वकर्मा, अरबाज अली, एस वामसी राव, आसिफ अली, अवनीश, मोहित बंजारे पकड़ा गया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
भिलाई ब्रांच के लिए
आवश्यकता है
➔ सीनियर मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव
➔ मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव
• शैक्षणिक योग्यताः स्नातक / एम.बी.ए.
• अनुभवः मार्केटिंग / सेल्स में (अनुभवी को प्राथमिकता)
• कौशलः उत्तम संप्रेषण क्षमता, टीम भावना, तथा ग्राहक संबंध बनाने की योग्यता
• वेतनः आकर्षक वेतन एवं प्रोत्साहन
• स्थानः दुर्ग-भिलाई
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा के साथ हरिभूमि भिलाई कार्यालय में संपर्क करें
संपर्क
कमला मेडिकल के पास, राधा पैथोलॉजी के ऊपर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
0788-4091720, 88899-68883

### दो आधुनिक ड्रोन का सफल परीक्षण, ट्रैफिक, आपदा और अपराध रोकने होंगे सहायक

# दुर्ग प्रदेश में पहला जिला जहां ड्रोन से होगी निगरानी, नियमित रूप से होगी गश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पुलिस के दो आधुनिक ड्रोन से जिले की निगरानी में बड़ा कदम साबित होगा। इससे जिले की पुलिस अब और भी हाईटेक हो जाएगी। इसका परीक्षण दुर्ग पुलिस लाइन में किया गया। इस दौरान आईजी राम गोपाल गर्ग, एसएसपी विजय अग्रवाल समेत अन्य मौजूद थे। प्रदेश का पहला दुर्ग जिला होगा जो ड्रोन यूनिट होगा। छोटे और मध्यम श्रेणी के ये दोनों ड्रोन अब जिले की निगरानी, भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक निगरानी, तलाशी अभियान और आपदा के लिए बहुत काम आएगा। मिली



जानकारी के मुताबिक इन ड्रोन में कई प्रमुख क्षमताएं और विशिष्टताएं है। निगरानी सीमा लाइव वीडियो के लिए 5 किलोमीटर तक है, जो बैटरी और मॉडल के आधार पर 5 से 15 किलोमीटर तक हो सकती है। इनमें 4 के रेजोल्यूशन वाला जूमिंग लेस कैमरा लगा है, जिससे ऊंचाई से भीड़ और गतिविधियों की स्पष्ट देखा जा सकता है। उड़ान का समय 25 से 30 मिनट है, जो बैटरी के प्रकार पर निर्भर करता है। कुछ मॉडलों में यह क्षमता 30 से 55 मिनट तक भी हो सकती है। आईआईटी रोपड़ और बीपीआरडी द्वारा पंजाब में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण में आईजी रामगोपाल गर्ग भी शामिल रहे। अफसरों ने हाल ही में एंटी-ड्रोन तकनीक में भी ट्रेनिंग ली है। परीक्षण में आईजी रामगोपाल गर्ग, एसएसपी विजय अग्रवाल, लाइन डीएसपी चंद्रप्रकाश तिवारी, एसआई डॉ. संकल्प रॉय, लाइन निरीक्षक नीलकंठ वर्मा, आरक्षक प्रशांत शुक्ला मौजूद थे।



### ड्रोन में ऑटोनॉमस मैनुअल नियंत्रण भी

ड्रोन की पेलोड क्षमता 25 किलोग्राम तक सामान ले जाने की है, जिसमें ड्रॉपिंग मैकेनिज्म और ग्रेनेड,सर्चलाइट माउंटिंग की संभावना भी है। ये पूरी तरह से ऑटोनॉमस और मैनुअल नियंत्रण दोनों मोड में संचालित हो सकते हैं। कम शोर सिग्नेचर और पॉइंट-टू-पॉइंट एनक्रिप्टेड संचार की सुविधा है। सुरक्षा के लिए, कम बैटरी या संचार हानि होने पर ये वापस लौटने की क्षमता रखते हैं। इनकी आईपी 65 पैकिंग है और ये 10°C से +50°C तक के तापमान में काम कर सकते हैं।

### अपराध नियंत्रण को मजबूत करना

ड्रोन का मूल उद्देश्य अग्रिम टीम भेजने से पहले स्थितियों की निगरानी करना, भीड़ नियंत्रण के दौरान संदिग्धों की शिनाख्त करना और अपराध नियंत्रण को मजबूत करना है। आधुनिक तकनीक के उपयोग से अपराध की रोकथाम और घटना-आधारित अपराधों का पता लगाने में काफी मदद मिलेगी।

- **राम गोपाल गर्ग,** आईजी

**खबर संक्षेप**



### स्टेशन के विस्तार के नाम पर तितुतरीड के रहवासियों को नोटिस

**दुर्ग ।** तितुरडीह मोहल्ले को तोड़ने के लिए रेलवे ने नोटिस जारी किया है। इस क्षेत्र में 150 से ज्यादा परिवार निवासरत हैं। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने मंत्री गजेंद्र यादव और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान क्षेत्र में हो रही अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ भी शिकायत की गई। लोगों ने कहा कि ववे पिछले 70 से 80 सालों से लोग तितुरडीह मोहल्ले में निवास कर रहे हैं। यहां लोग रोजी मजदूरी और महिलाएं लोगों के घर जाकर काम करते हुए अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। बच्चों को बहुत मुश्किल से पढ़ा रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में 6 नवंबर को मोहल्ले में रेलवे प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किया गया है। कहा गयाा है कि मोहल्ले को तीन दिन के भीतर खाली कर दिया जाए, नहीं तो रेलवे द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इतने वर्षों से रह रहे लोगों को एक झटके में रेलवे प्रशासन द्वारा हटाने का काम किया जा रहा है।। यह आम गरीब लोग अब सड़क पर आने को मजबूर है। लोगों ने विस्थापन की मांग की है। परिवार के आधार पर घर दिलाने, 10-10 लाख मुआवजा देने की मांग की गई है।

### विद्यार्थियों के आधार एवं बायोमेट्रिक अपडेट का अभियान निरंतर जारी

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निरंतर मॉनिटरिंग एवं मार्गदर्शन में जिले के स्कूलों में विद्यार्थियों के मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन का कार्य तेजी से जारी है। इस अभियान के तहत स्कूलों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक एवं आधार संबंधी अद्यतन कार्य किया जा रहा है। अब तक जिले के विभिन्न स्कूलों में आयोजित शिविरों के माध्यम से 19745 विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक अपडेशन, 3104 बच्चों का आधार अपडेशन तथा 18 विद्यार्थियों का नया आधार निर्माण किया जा चुका है।

# पिछले साल की खरीदी के बचे धान का तत्काल कराएं उठाव : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

## धान उपार्जन एवं मिलिंग तैयारी की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर शअभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिले में धान उपार्जन, मिलिंग, चावल भंडारण की तैयारी एवं खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में राईस मिल पंजीयन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी संबंधित विभागों एवं राईस मिलर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपार्जन से लेकर चावल भंडारण तक की संपूर्ण प्रक्रिया की प्रगति पर चर्चा की गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी मिल संचालकों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीयन पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि कस्टम मिलिंग कार्य में कोई विलंब न हो। धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले सभी उपार्जन समितियों को बारदाना (बोरी) की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। संबंधित अधिकारी खरीदी शुरू होने से पूर्व सभी संग्रहण केंद्रों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। पिछले वर्ष के उपार्जन सीजन से संग्रहण केंद्रों में बचे हुए धान के उठाव का कार्य शीघ्र पूर्ण करें, ताकि नए सीजन की खरीदी के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सके।




### न हो बारदाना की कमी

कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी संग्रहण केंद्रों में समय पर बारदाना पहुंच जाए और पिछले सत्र का पूरा धान उठाव हो जाए, इसके बाद ही खरीदी कार्य सुचारु रूप से प्रारंभ हो सकेगा। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा उपार्जन प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संचालित की जाए। चावल परिवहन के लिए रैक मूवमेंट की समीक्षा की गई। समितियों में पुराने बारदानों की स्थिति का मूल्यांकन कर नए बारदानों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी उपार्जन एवं संग्रहण केन्द्रों में मरम्मत, सफाई और प्रारंभिक तैयारी कार्य शीघ्र पूर्ण करने कहा गया ताकि खरीदी कार्य सुचारु रूप से प्रारंभ हो सके। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी श्री अनुराग भदौरिया, राईस मिल संचालक सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## एसआईआर : संभाग आयुक्त और दुर्ग कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# मतदाताओं को दिया जा रहा दो की जगह एक प्रपत्र, 2003 का रिकार्ड भी नहीं मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मतदाता पुनरीक्षण को लेकर 4 नवंबर से शुरू हुआ अभियान मतदाताओं के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। निर्वाचन आयोग के बीएलओ घर-घर तो पहुंच रहे हैं, लेकिन उनके द्वारा सही और स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। सिर्फ एक प्रपत्र उपलब्ध कराया जा रहा है और कहा जा रहा है कि इसे भरकर जरूरी दस्तावेजों के साथ संभालकर रखें, वे दो दिन बाद आकर इस प्रारूप को ले जाएंगे।

अब मतदाता 2003 की जानकारी को लेकर खासा परेशान हो रहा है। इसमें कई मतदाता ऐसे हैं, जिनके नाम 2003 में जुड़े नहीं थे। उनके पिता, मां या अन्य की मौत हो चुकी है। कुछ मामलों में महिला शादी करके आई हैं, उनके पास उनकी पुरानी मतदाता सूची ही नहीं है। कुछ लोगों ने अपना घर ही बदल दिया है, कुछ ऐसे हैं जिनके नाम से हर बार एक नया इपिक नंबर जारी हो गया है। ऐसे सारे मामलों में संशय की स्थिति निर्मित हो गई है। इसकी जानकारी मतदाताओं को नहीं मिल पा रही है। सर्वे के नाम पर भी खानापूर्ति हो रही है। एक ही जगह पर मतदाताओं को बुलाकर घंटों बैठालकर रखा जा रहा है। प्रारूप भी दो के बजाए एक ही दिया जा रहा है। बुधवार को एसआईआर को लेकर संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अलग-अलग जगहों पर निरीक्षण किया। लोगों से जानकारी ली।

## लापरवाही बरतने वाला बीएलओ निलंबित

### कलेक्टर पहुंचे कसारीडीह और पोटिया, मतदाताओं से बातकर ली जानकारी

कलेक्टर ने बुधवार को दुर्ग शहर के विभिन्न वार्डों में गणना प्रपत्र वितरण एवं संकलन कार्य की जांच एवं निरीक्षण किया। वार्ड 46 के मतदान केंद्र 188, पोटिया कला वार्ड 54 के मतदान केंद्र 195, कोस्टा पारा वार्ड 56 के मतदान केंद्र 5 एवं 6 तथा नया पारा वार्ड 2 के मतदान केंद्र 108 में पहुंचकर बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा मतदाताओं को गणना पत्र वितरण एवं संकलन कार्य की जांच ली। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर, सुपरवाइजर एवं उपस्थित पार्षद, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, निर्वाचकों/मतदाताओं उनके निवास स्थल जाकर रू-ब-रू होकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वन के संदर्भ में चर्चा की एवं मतदाताओं को इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि वर्ष 2003 के निर्वाचक नामावली में मतदाताओं या उनके परिवार के सदस्यों का नाम जिस विधान सभा क्षेत्र के मतदान केंद्र में दर्ज था। उसे वोटर सर्विस पोर्टल या अपने क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर से संपर्क करके प्राप्त की जा सकती है। गणना पत्र फॉर्म में चाही गई जानकारी भरकर यथाशीघ्र बीएलओ को वापस करें। इसके लिए 4 दिसंबर तक मौका है। दो रंगीन फोटो भी बीएलओ के पास जमा कराएं।



### बीएलओ द्वारा लापरवाही बरते जाने पर किया निलंबन

डीईओ अरविन्द कुमार मिश्रा ने शन्तानू कुमार मरकाम सहायक शिक्षक एलबी को छग सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 09 (1)(क) के तहत निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरते जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। शन्तानू मरकाम शासकीय प्राथमिक शाला सेक्टर 11 भिलाई की ड्यूटी निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण में बीएलओ के तौर पर बीएसपी कन्या विद्यालय सेक्टर 11, खुर्सीपार, भिलाई में लगाई थी। 7 नवंबर से वे अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित हैं। लगातार दूरभाष से संपर्क करने का प्रयास किया गया, किन्तु उनके द्वारा किसी का भी प्रत्युत्तर नहीं दिया गया। उनके घर पर बाहर से तालाबंद होना पाया गया। उनका यह कृत्य निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही, बिना सूचना कार्य से अनुपस्थित होना तथा उच्च कार्यालय के निर्देशों का स्पष्ट अवहेलना है। निलंबन अवधि में डीईओ कार्यालय में अटैच रहेंगे।

### संभागायुक्त के आवास पर बीएलओ पहुंचे गणना पत्रक वितरण करने



बीएलओ बुधवार को संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एसआईआर कार्यक्रम के तहत बूथ लेवल ऑफिसर ने उनके घर जाकर गणना पत्रक का वितरण किया। राठौर का नाम विधानसभा क्षेत्र दुर्ग शहर 64 के मतदान केन्द्र क्रमांक 177 के सरल क्रमांक 546 में दर्ज है। राठौर ने मतदाताओं से अपील की है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के इस कार्य में सभी निर्वाचक बीएलओ को सहयोग प्रदान करें। क्षेत्र के कोई भी पात्र मतदाता इस कार्य से वंचित न हो। एसआईआर कार्यक्रम के दौरान नाम जोड़ने, काटने तथा संशोधन हेतु भी निर्धारित प्रारूप में आवेदन बी.एल.ओ. को दे सकते हैं। संभागायुक्त श्री राठौर को गणना पत्रक वितरण के दौरान, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अभिषेक अग्रवाल, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उत्तम ध्रुव और प्रफुल्ल कुमार गुप्ता, बूथ लेवल ऑफिसर श्रेयस ताम्रकार सहित अन्य मौजूद थे।

## दिल्ली में हुए ब्लास्ट के विरोध में शहीद चौक में फूंका आतंकियों का पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दिल्ली लाल किले के समीप बम धमाके के विरोध में बुधवार को शहीद चौक में आतंकियों का पुतला फूंका गया।

छत्तीसगढ़ बजरंग दल ने इस दौरान जमकर नाराजगी व्यक्त की। मौन रखकर मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सह संयोजक रवि निगम ने बताया कि घटना कायरतापूर्ण है। बॉर्डर पर भारत की दमदार सेना की वजह से बौखलाए हैं। जिहादी आतंकवादी हमारे लोगों को मारना चाह रहे हैं।विरोध प्रदर्शन के दौरान अजय सेन, इंद्रजीत गोस्वामी, रवि भारती, प्रिंस राजपूत, कमल साव, ईश्वर गुप्ता, पुष्पराज, रोहित सिंह, मनोज साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## कॅरियर काउंसिलिंग कार्यशाला 18 को

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में कैरियर काउंसिलिंग संबंधी कार्यशाला का आयोजन 18 नवम्बर को प्रातः 11 से 1 बजे तक किया जाएगा। ज़ी इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव आर्ट (जिका) द्वारा कार्यशाला का संचालन किया जाएगा। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य क्रिएटिव एवं डिजिटल उद्योगों के वीएफएक्स, एनीमेशन, ग्राफिक डिज़ाइन, गेमिंग और डिजिटल मीडिया आदि क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के संबंध में जागरूकता फैलाना है। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा उक्त उद्योगों से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में समय-समय पर उत्पन्न होने वाले रोजगार के अवसर, उनकी व्यापकता एवं आवश्यक कुशलता के संबंध में विशेष महत्वपूर्ण जानकारी देकर युवाओं का मार्गदर्शन किया जायेगा ताकि वर्तमान समय में रोजगार बाजार के क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले विभिन्न प्रकार के रोजगार के अवसरों से इस पीढ़ी के युवा लाभान्वित हो सके।जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार ज़ी इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव आर्ट (जिका) एक ऐसी संस्था है जो मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग के क्षेत्र में कुशल व्यवसायियों को प्रशिक्षण के माध्यम से तैयार करती है।

# जिला प्रबंध समिति इंडियन रेडक्रास सोसायटी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

■ आगामी कार्यों एवं योजनाओं पर चर्चा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी, इंडियन रेडक्रास सोसायटी, राज्य शाखा द्वारा जिला प्रबंध समिति इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला दुर्ग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णय के क्रियान्वयन के लिए जिला प्रबंध समिति, इंडियन रेडक्रास सोसायटी, जिला दुर्ग की बैठक का आयोजन विगत दिवस टेलीमेडिसीन कक्ष जिला चिकित्सालय दुर्ग में किया गया।

बैठक की अध्यक्षता, जिला प्रबंध समिति, इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला दुर्ग के चेयरमैन डॉ. शरद पाटणकर के द्वारा की गई। बैठक में डॉ. मनोज दानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव



इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला दुर्ग तथा डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, नोडल अधिकारी इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला दुर्ग उपस्थित रहे। जिला प्रबंध समिति की बैठक में रेडक्रास सोसायटी के आगामी कार्यों एवं योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें प्रमुख रूप से इंडियन रेडक्रास सोसायटी का बैंक खाता संचालक, इंडियन रेडक्रास सोसायटी के भवन में फ्लैक्स लगाने, जिला प्रबंध समिति के उपसमितियों के कार्य, ब्लड बैंक डायरेक्टरी बनाने, प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण कराने, वृद्धाश्रम, ब्लड बैंक एवं मर्च्युरी में उपसमितियों के प्रमुख एवं सदस्यों के नाम का बोर्ड लगाने का निर्णय लिया गया। जिला प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष प्रमोद वाघ, प्रबंध कारिणी सदस्य अरविंद सुराना, विजय ताम्रकार आदि मौजूद थे।

# दुर्ग में अपराधियों का राज, पुलिसिंग फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



दुर्ग जिले में बढ़ते अपराधों को लेकर युवा कांग्रेस ने राष्ट्रपति और राज्यपाल को पत्र लिखकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया है। जानकारी दी गई कि है कि पिछले डेढ़ महीने में 17 से ज्यादा हत्याएं हो चुकी हैं। इनमें सात जघन्य हत्याएं शामिल हैं। कहीं लोगों को घर से बाहर घसीटकर मारा गया, तो कहीं दरवाजे तोड़कर धारदार हथियारों से हमला किया गया। आरोपी खुलेआम मोहल्लों में उत्पात मचाते रहे और पुलिस कहीं दिखाई नहीं दी। शहर की सड़कों पर अब कानून नहीं डर का शासन चल रहा है। हत्या, लूट, चोरी, डकैती और नशाखोरी की घटनाएं आम हो चुकी हैं। रात में खुलेआम शराबखोरी और गुंडागर्दी की महफिलें सज रही हैं, जबकि पुलिस हेलमेट चेकिंग में व्यस्त है। जनता की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। युवा कांग्रेस नेता दीप सारस्वत ने कहा कि दुर्ग में प्रशासन पूरी तरह ठप है। गृहमंत्री विजय शर्मा जनता की सुरक्षा देखने के बजाय अडाणी के लिए जंगल साफ़ कराने में व्यस्त हैं। जब मंत्री अपराधियों पर कार्रवाई छोड़ पूंजीपतियों के ठेके पूरे करने में लगें, तो जनता की जान की कीमत कौन चुकाएगा।

# दुर्ग-पाटन में किसानों की जमीन पर हो रहा अनाधिकृत सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

■ भूमि अधिग्रहण में मनमानी के विरोध में किसान पहुंचे कलेक्ट्रेट

खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा रेल परियोजना के अंतर्गत दुर्ग जिले के पुरई, पाऊवारा, करगाडीह, बोरीगारका, कोकड़ी, कोड़िया, घघुसीडीह, खोपली सहित दुर्ग एवं पाटन ब्लॉक के अन्य गांवों की जमीन अधिग्रहण से प्रभावित होने वाले किसानों ने बुधवार को दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।



किसानों ने मुख्य रूप से प्रति हेक्टेयर दर पर मुआवजा निर्धारण, भू-विस्थापितों को रेलवे विभाग में स्थायी नौकरी दिए जाने, विस्तृत पुनर्वास पैकेज तथा वैधानिक प्रावधानों को लागू करने की पुरजोर मांग की। किसानों ने इस बात पर गहरा संशय व्यक्त किया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पहली बार जमीन का मुआवजा प्रति हेक्टेयर दर से देने का जो प्रावधान किया जा रहा है, वह छोटे भू-स्वामियों के लिए अन्यायपूर्ण है। इससे उन्हें वास्तविक बाजार मूल्य की तुलना में कम कीमत मिलेगी। मुआवजा केवल प्रति हेक्टेयर दर के आधार पर सीमित न किया जाए। कलेक्टर द्वारा धारा 26 के अनुसार, प्रत्येक खसरा के वास्तविक तथा आसपास मौजूद आवास एवं उद्योग के उपयोग को ध्यान में रखकर बाजार मूल्य निर्धारित किया जाए। धारा 30 के अनुसार 2 गुना तक का लाभ अनिवार्य रूप से दिया जाए।

ज्ञापन सौंपने वालों में मोहन लाल साहू, नरेंद्र राजपूत, बंटी, प्रदीप देशमुख, उमेश साहू, मलेश निषाद, बीरेंद्र, क्षत्रपाल साहू, थामेश साहू, चिंतामणि गजपाल, दिनेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### भू-विस्थापितों को रेलवे में स्थाई नौकरी देने की मांग

किसानों ने रेलवे विभाग से मांग की है कि जिस किसान की जमीन अधिग्रहित की जा रही है, उसके परिवार के एक सदस्य को उनकी योग्यता के आधार पर रेलवे विभाग में स्थायी नौकरी दी जाए। श्री राकेश ठाकुर एवं देवेंद्र देशमुख जी ने बताया कि पहले रेलवे में भूमि अधिग्रहण के बदले नौकरी देने का नियम था, जिसे बहाल किया जाना चाहिए। ज्ञापन में कलेक्टर को यह भी कहा गया कि मोनार्क पुणे महाराष्ट्र नामक निजी कंपनी द्वारा किसानों की अनुमति के बिना और अधिकारियों की अनुपस्थिति में उनकी निजी कृषि भूमि में अनाधिकृत प्रवेश कर के अवैध सर्वेक्षण किया जा रहा है। बांस के खंभे गाड़े जा रहे हैं। इसकी शिकायत उतई थाने में की गई है।

## मनरेगा ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनने का दे रहा अवसर

# मनरेगा में ग्रामीणों को रोजगार के लिए मिल रहा लोन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

■ पक्का पशु शेड निर्माण के लिए मिले 95 हजार

ग्राम पंचायत रौंदा, जनपद पंचायत धमधा के निवासी हिरेंद्र वर्मा पहले अपने मवेशियों को एक अस्थायी छप्पर में रखते थे। बरसात और गर्मी में पशुओं की देखभाल में काफी कठिनाइयां आती थीं, जिससे दुग्ध उत्पादन भी सीमित रह जाता था। लेकिन जब उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत पक्का पशु शेड निर्माण के लिए आवेदन किया, तो यह उनके जीवन का नया अध्याय साबित हुआ। ग्राम सभा की अनुशंसा पर 95 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई और ग्राम पंचायत रौंदा के माध्यम से यह निर्माण कार्य पूर्ण किया गया।

### मजदूर बनकर कमाए रुपए

इस कार्य में श्री वर्मा ने स्वयं श्रमिक के रूप में काम किया और 11 हजार रूपए का पारिश्रमिक अर्जित किया। निर्माण कार्य की देखरेख हिरेंद्र साहू द्वारा की गई। पशु शेड बनने के बाद आज श्री वर्मा के पास तीन दुग्धारू भैंस, गायें हैं, जिनसे प्रतिदिन 5 लीटर से अधिक दूध का उत्पादन होता है। दूध बेचकर वे हर महीने 5 से 6 हजार रूपए तक की अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं।



### अब मवेशियों की देखभाल होती है अच्छी

हिरेंद्र वर्मा बताते हैं कि पहले रोजगार की चिंता रहती थी, पर अब दूध बेचकर हर महीने अच्छी आमदनी हो जाती है। पशु शेड बनने से मवेशियों की देखभाल भी सुगम हो गई है। मनरेगा योजना के अंतर्गत बना यह पक्का पशु शेड न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिरता का आधार बना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता और सम्मानपूर्ण जीवन की ओर अग्रसर कर रहा है। आज हिरेंद्र वर्मा का परिवार अपने परिश्रम और मनरेगा योजना के सहयोग से एक प्रेरणास्रोत बन चुका है।

# पॉवरग्रिड से प्रभावित किसानों को दिया गया मुआवजा



**दुर्ग।** अनुभाग दुर्ग अंतर्गत पावरग्रिड रायपुर पुल-धमतरी ट्रांसमिशन लिमिटेड, कार्यालय मेड़ेसरा तहसील धमधा, जिला दुर्ग द्वारा 400 केवी डबल सर्किट रायपुर पुल-धमतरी संचरण लाइन निर्माण कार्य के लिए भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को मुआवजा वितरण की प्रक्रिया जारी है।

अनुविभागीय अधिकारी रा. से प्राप्त जानकारी अनुसार इस परियोजना के तहत तहसील दुर्ग के अंतर्गत कुल 19 ग्राम ननकट्टी, झेन्झरी, डांडेसरा, ढाबा, भेडसर, नगपुरा, गनियारी, रसमड़ा, थनौद, चंगोरी, कोनारी, कुथरेल, भानपुरी, पाउवारा, जंजगिरी, मातरोडीह, कातरो, मचान्दुर एवं घुघसीडीह के कुल 971 कृषकों की भूमि प्रभावित हुई है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशों के अनुसार प्रभावित कृषकों को क्षतिपूर्ति मुआवजा वितरण हेतु कुल 4,61,88,017 की राशि स्वीकृत की गई है। अब तक 407 कृषकों को 2,51,70,904 का भुगतान किया जा चुका है। शेष प्रभावित कृषकों को मुआवजा वितरण की कार्यवाही निरंतर जारी है। सभी पात्र कृषकों को शीघ्र ही उनकी भूमि का समुचित मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

**।। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला-दुर्ग।।**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क./.202511104700001 /अ-6/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्रीमती मनमत साहू पिता- स्व० दुकालूराम पति श्री टीका राम साहू उम्र 59 वर्ष निवासी राननगर सुपेला भिलाई 2. श्रीमती गोदावरी मलागर पिता- स्त. दुकालूराम उम्र 50 वर्ष पति- श्री शम्भूराम मलागर निवासी बालोद छ.ग. के द्वारा स्थित भूमि मौजा जुनवानी प.ह.नं. -43 रा.नि.मं.- जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ०ग० में स्थित भूमि खसरा नंबर 913, रकबा 0.0200 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदकगण की माता एवं अन्य सहखातेदारों के नाम से भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदकगण की माता सुशीला बाई का स्वर्गवास दिनांक 06/03/2017 को हो जाने से मृतक का नाम विलोपित कर उनके स्थान पर उनके विधिक वारिसान 1. श्रीमती मनमत साहू (पुत्री) 2. श्रीमती गोदावरी मलागर (पुत्री) का नाम दर्ज किये जाने एवं शेष खातेदारों का नाम यथावत् रखे जाने हेतु आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा हो तो वह नियत दिनांक 28/11/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । आज दिनांक 11/11/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

जारी दिनांक-11/11/2025
सुनवाई दिनांक-28/11/2025

अति. तहसीलदार
दुर्ग-01

## खबर संक्षेप

### तहसील साहू संघ पाटन के सलाहकार मनोनीत हुए मोनू

**पाटन।** तहसील साहू संघ पाटन के नव निर्वाचित अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने अपने कार्यकारणी की घोषणा करते हुए सलाहकार



मनोनीत किए है। जिसमे नगर पालिका परिषद अमलेश्वर निवासी समाज सेवी मोरध्वज (मोनू) साहू को सलाहकार मनोनीत किया गया है। श्री साहू जिला पंचायत दुर्ग के पूर्व सभापति और झीठ परिक्षेत्र के संरक्षक रह चुके हैं। इनके साथ ही पुरन लाल साहू वरिष्ठ सलाहकार भनसूली, दिनेश साहू तेलीगुन्डरा, अशोक साहू भनसूली, दिलीप साहू तेलीगुन्डरा, सरजुराम साहू आगेसरा को सलाहकार बनाया गया है।

### भिलाई की एकता बनी दिवा ऑफ छत्तीसगढ़



**भिलाई।** सामाजिक संस्था द्वारा रायपुर में अयोजित पेजेंट फैशन शो मिसेज और मिस छत्तीसगढ़ 2026 सीजन 6 का आयोजन किया गया था। जिसमें मिसेस छत्तीसगढ़ 2025 का अवार्ड भिलाई निवासी एकता वर्मा में जीता। पाटन स्कूल में शिक्षिका एकता वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ लेवल पर आयोजित ब्यूटी पेजेंट में मल्टीटैलेंटेड महिलाएं जो एक मॉडल होने के साथ-साथ टीचर या इन्फ्लुएंसर भी हैं सभी ने शानदार प्रस्तुति दी।

### एसडीएम लवकेश ध्रुव ने किया जामगांव आर का दौरा

# मतदाता गहन पुनरीक्षण में जुट गया प्रशासनिक अमला, दे रहे मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भारत चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जारी मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 4 नवम्बर से 4 दिसंबर तक पूर्ण करने के लिए गांवों में बीएलओ की टीम घर घर जाकर 2003 की सूची से मिलान करते हुए मतदाताओं से फार्म भरवाने का कार्य करने लगी है। कार्य समय सीमा में पूर्ण कराने राजस्व अधिकारी एसडीएम लवकेश ध्रुव, तहसीलदार पवन ठाकुर, अतिरिक्त तहसीलदार ममता टावरी और सुपरवाइजर सुरेश महिलपाल ने जामगांव आर पहुंचकर बीएलओ द्वय दिनेश्वरी साहू एवं मोहिनी मस्के को सक्रियता से कार्य पूर्ण करने हेतु मार्गदर्शन दिए। इस कार्य में रजनी निर्मलकर भी बीएलओ टीम की मदद करने में महती भूमिका निभा रही है।

### सभी बिंदुओं पर जरुरी जानकारी दी जा रही ग्रामीणों को



### स्वयं फार्म भरकर दिखाया एसडीएम ने

एसडीएम लवकेश ध्रुव स्वयं ने डॉ एन के चंद्रवशी का फार्म भरकर फार्म भरने की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष समझाया और तेज गति से कार्य पूर्ण करने के लिए प्रभावी मार्गदर्शन दिए। एसडीएम ने सुपरवाइजर से कहा कि बीएलओ के सतत संपर्क में रहकर कार्य पूर्ण कराए, किसी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल संपर्क कर समस्या का निदान करे।एसडीएम लवकेश ध्रुव स्वयं ने किए फार्म वितरण किए।

### कार्य त्वरित लेकिन प्रक्रिया अनुरूप पूर्ण करे

तहसीलदार पवन ठाकुर ने बीएलओ से कहा कि फार्म वितरण में अन्य सहयोगियों का सहयोग लेकर कार्य द्रुतगति से पूर्ण करे लेकिन ध्यान रखे कार्य पूर्णतः प्रक्रिया के तहत ही क्रियान्वित हो। सुपरवाइजर सुरेश महिपाल ने बताया कि जामगांव आर, बोरवाय, पौहा, भैंसबोड, कुम्हली, गाड़ाडीह, गुढियारी, बोदल परसाही गांवों का निरंतर दौरा कर बीएलओ से संपर्क करके कार्य को गति प्रदान किया जाता है।

### नई बहुएं उपलब्ध कराएं मायके से 2003 की मतदाता सूची और 10 वीं की मार्कशीट

बीएलओ दिनेश्वरी साहू एवं मोहिनी मस्के ने बताया कि 2003 में जिनका नाम मतदाता सूची में है वहीं एसआईआर का आधार है इसी के आधार पर मतदाता बन चुके उनके संतानों का नाम एसआईआर में शामिल किया जा सकेगा। नई आई बहुओं का नाम जोड़ने के लिए उनके मायके से मतदाता सूची का वह पेज वहां के बीएलओ से प्राप्त कर यहां दिखाना होगा जिसमें उनके पिता का नाम अंकित हो। **दो फोटो एवं दो आधारकार्ड छायाप्रति जरूरी:** बीएलओ दिनेश्वरी साहू एवं मोहिनी मस्के ने कहा कि फार्म का कार्य पूर्ण कराने में मतदाता सफेद बैकग्राउंड वाला दो पासपोर्ट फोटो ,आधारकार्ड की दो छायाप्रति और नवीन मतदाता 10 वी का मार्कशीट तैयार रखे। दो फार्म भरे जाएंगे जिसमें पूर्णता के बाद एक फॉर्म मतदाता को दे दिया जाएगा।जो मतदाता के पास पावती स्वरूप रहेगा।

### उतई में भी एसआईआर में तेजी

उतई में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण ,एस आई आर विस्तृत जानकारी ली गई। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत उतई के बूथ क्रमांक 164 एवं 65 में बी एल ओ ने बताया कि अभी सभी घरों में फार्म बाटे जा रहे हैं। फिर फार्म को एकत्रित किया जाएगा। संबंधित मतदाता अपना फार्म भरकर एक प्रति अपने पास रखेंगे। एक प्रति बी एल ओ के पास रहेगी। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को आग्रह सहित निर्देशित किया कि नाम जोड़ने या नाम काटने की स्थिति में कम से कम एक बार कांग्रेस पार्टी के अधिकृत बी एल ए को सूचित कर कर ही नाम जोड़ा या काटा जाए। इस दौरान एस आई आर के दुर्ग ग्रामीण प्रभारी प्रहलाद वर्मा, बी एल ए भावेश साहू, शैलेश देवांगन ,मुकेश साहू, सुरता सिंह गड़े ,नेता प्रतिपक्ष एवं बी एल ए द्वारिका साहू आंगनवाड़ी कार्यकर्ता फुलेश्वरी देवांगन, पुष्पा ठाकुर नगरवासी एवं नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित थे।

# भूमि रकबा और त्रुटि सुधार सहित कई मांगों को लेकर किसान उतरे सड़क पर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

किसान बंधु संगठन, धमधा ब्लॉक के सैकड़ों किसानों ने दुर्ग कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की तीन प्रमुख समस्याओं पर तत्काल कार्यवाही की मांग की। किसानों ने भूमि त्रुटि सुधार में फैल रहे भ्रष्टाचार, ठेलका सब-स्टेशन में बिजली संकट, और अछोली ग्राम में बिना अनुमति फर्जी शराब दुकान प्रस्ताव के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। संगठन के नेतृत्वकर्ता किसान नेता बाबा टेकसिंह चंदेल ने कहा कि धमधा क्षेत्र में किसानों के भूमि त्रुटि सुधार प्रकरणों में पटवारियों और तहसील स्तर पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। किसानों को जानबूझकर पेशी दर पेशी घुमाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करे और भूमि त्रुटि सुधार की प्रक्रिया को पारदर्शी व शीघ्र बनाए। किसानों ने यह भी बताया कि ठेलका सब-स्टेशन में तकनीकी कर्मचारियों की भारी कमी के कारण क्षेत्र के लगभग 35 से 40 गांवों में बिजली कटौती और कम वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। इससे खेतों की सिंचाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। किसानों ने मांग की कि ठेलका सब-स्टेशन में तत्काल आवश्यक तकनीकी स्टाफ की पदस्थापना की जाए और विद्युत आपूर्ति नियमित की जाए। तीसरे मुद्दे पर किसानों ने बताया कि अछोली ग्राम में पंचायत की अनुमति के बिना शराब दुकान खोलने के लिए फर्जी प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस मामले में जनपद पंचायत धमधा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की मिलीभगत की आशंका जताई गई है। इस संबंध में पहले भी कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस अवसर पर आत्मा साहू, अध्यक्ष किसान बंधु संगठन धमधा, ढालू वर्मा अध्यक्ष, लोधी समाज धमधा सर्किल,लेखराम वर्मा, भुवनेश्वर नेताम, भवानी सिन्हा, परमेश्वर साहू, जयप्रकाश विश्वकर्मा, राजेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

### जल्द ही किसानों की तीनों मांग में कार्रवाई की जाएगी

वही जिला प्रशासन के प्रतिनिधि अधिकारी ने बताया कि जल्द ही किसानों की तीनों मांग में कार्यवाही की जाएगी जिसमें सबसे बड़ा रकबा त्रुटि सुधार के मामले में गांव गांव शिविर लगाया जाएगा । ठेलका सब स्टेशन में पर्याप्त कर्मचारी व्यवस्था करने का आश्वासन दिया और धमधा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के खिलाफ जांच करने की बात कही।किसान नेता बाबा टेकसिंह चंदेल ने कहा कि यदि प्रशासन ने आगामी एक माह में शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो संगठन जिला मुख्यालय में उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा।

## बिजनेस साइट

### श्री साईं ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस में वंदे मातरम की वर्षगांठ मनाई





**भिलाई।** भिलाई। नंदिनी स्थित श्री सांई कॉलेज में वंदे मातरम की 150 में जयंती का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के डेढ़ सौ वर्ष पूरे होने पूरे होने के उपलक्ष में रखा गया था कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने अपने अपने आप को रजिस्टर्ड करके वंदे मातरम की धुन पर सस्वर इस गीत का प्रस्तुत किया तथा सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया। वंदे मातरम गीत के महत्व को बताते हुए डायरेक्टर डॉ प्रवीण विश्वकर्मा ने इस गीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के बारे में संक्षिप्त जीवन परिचय तथा पहली बार गीत का प्रकाशन एवं आनंदमठ की संक्षिप्त जानकारी दी। प्रशिक्षार्थियों ने वंदे मातरम पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी छात्र-छात्राएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । कार्यक्रम में युवा महोत्सव का भी आयोजन किया गया था युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के के प्रेरणादायक व्यक्तित्व से से सही मार्गदर्शन एवं प्रेरणा लेते हुए विभिन्न प्रकार के आयोजन किए गए थे युवा महोत्सव कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता एवं ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में बीएड प्रथम वर्ष की छात्राएं संदली मानिकपुरी एवं चेतना निर्मलकर ने विश्वविद्यालय स्तर पर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। इस कार्यक्रम में श्री सांई शिक्षण संस्था के बीएड ,पीजीडीसीए, श्री साई फार्मेसी कॉलेज, श्री सांई प्राइवेट आईटीआई के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे । फैकल्टी गण में तिलस्मी बघेल (विभागाध्यक्ष,) अमित दीक्षित, रितेश श्रीवास्तव, आशीष, बीरेंद्र, दुर्गेश ठाकुर, दिसंबर कुमार, केके प्रसाद, मोहन विश्वकर्मा, भारती , रितु, डॉ सुनीता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रमिला चौहान ने किया।

### हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपो को मिल रहा बढ़िया रिस्पॉन्स



**भिलाई।** कलामंदिर के सामने सिविक सेंटर स्थित वेलडेक्स ग्राउंड में आयोजित व भारतीय पारंपरिक कला और संस्कृति की झलक लिए 'हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपो' को बढ़िया रिस्पॉन्स मिल रहा है। सीमित दिनों के लिए आयोजित इस प्रदर्शनी में देशभर से आए कारीगरों ने अपनी कला और हुनर से तैयार किए गए अनूठे उत्पादों को प्रदर्शित किया है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हस्तशिल्प और हैंडलूम को बढ़ावा देना है ताकि लोग भारतीय परंपरा की खूबसूरती से रूबरू हो सकें और शुद्ध हस्तनिर्मित वस्त्रों व सजावटी सामग्री का अनुभव ले सकें। प्रदर्शनी में बनारसी साड़ियाँ, कश्मीरी सूट, भागलपुरी वस्त्र, खादी कपड़े, लखनऊ की चिकनकारी, पंजाबी फुलकारी, कोसा ड्रेस, जूट बेस्ड प्रोडक्ट्स, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, लेदर बैग और बेल्ट, बंगाल की साड़ियाँ, राजस्थानी वस्त्र, आदिवासी तेल और अनेक प्रकार के गृह सज्जा के सामान प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इसके अलावा महिलाओं के लिए लेहंगा-चोली, कॉटन सूट, कुर्तियाँ, टॉप्स और होम डेकोर की नई रेंज भी खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। विशेष बात यह है कि एक्सपो में आने वाले सभी ग्राहकों को 20 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है, जिससे खरीददारों का उत्साह और बढ़ गया है। लोग पारंपरिक कला और संस्कृति की झलक के साथ-साथ रियायती दामों पर अपने पसंदीदा उत्पाद खरीदने का अवसर पा रहे हैं। इस भव्य आयोजन में कारीगरों की मेहनत और कला का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। पारंपरिक धरोहर को जीवंत करने वाला यह एक्सपो न केवल हस्तशिल्प प्रेमियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, बल्कि स्थानीय और राष्ट्रीय कारीगरों के लिए भी अपने हुनर को प्रदर्शित करने और ग्राहकों से सीधे जुड़ने का माध्यम बन रहा है। आयोजन समिति ने सभी भिलाई-दुर्गवासियों से आग्रह किया है कि वे इस प्रदर्शनी का हिस्सा बनें और भारतीय हस्तशिल्प कला को समर्थन दें।

### 'नशा' एवं 'डिजिटल नशा' पर कार्यशाला का आयोजन



**भिलाई।** अखिल भारतीय पालक संघ भिलाई के द्वारा नालंदा इंग्लिश मीडियम स्कूल कैलाश नगर में बुधवार को 'नशा' एवं 'डिजिटल नशा' से दूर रह कर अपने जीवन को सफल बनाने के लिए क्या करे, इस पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां मुख्य वक्ता के रूप में हमारे अंचल के बहुचर्चित एवं कॉमर्स विषय में अपने अंचल का मान बढ़ाने वाले शिक्षक डॉ. संतोष राय ने अपने अनमोल वचनों से बच्चों को 'नशे' एवं 'डिजिटल नशे' से दूर रह कर अपने करियर को सफल बनाने का गुण सिखाए , जहां बच्चे अत्यंत उत्साह के साथ उनके बहुमूल्य वचनों को सुन कर अपने करियर को नशे से दूर रहते हुए सफल करने का मार्गदर्शन प्राप्त किए। कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल आशीष घोषाल, समिति के अध्यक्ष अरुंधूति दुबे, सचिव प्रदीप दुबे, संयोजक किशोर कुमार, संचालक स्वदेश शुक्ला, नीतेश भंडारे, डॉ. संतोष सिंह, संजीत सोनी सहित स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।



# आरटीओ के सामने चौथे दिन भी डटे रहे आंदोलनकारी कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

युवा कांग्रेसियों का क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में भ्रष्टाचार व अनियमितता के आरोपों को लेकर आंदोलन जारी है। कांग्रेसियों का कहना है कि मांग पूरी हुए बिना आंदोलन खत्म नहीं करेंगे। उल्लेखनीय है कि जनदर्शन में जिला क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा लाइसेंस के नाम पर अवैध वसूली प्रति लाइसेंस 1500 से 2000 रुपए अधिक लेकर बिना टेस्टिंग के लाइसेंस जारी किए जाने की शिकायत जिलाधीश के समक्ष की गई थी जिस पर उनके द्वारा कोई कार्यवाही नही किये जाने पर 16 सितंबर को महासचिव दीपांकर साहू के नेतृत्व में आरटीओ कार्यालय का घेराव किया गया जिसके प्रश्चात एक हप्ते में कार्यवाही का आश्वासन संबंधित अधिकारी द्वारा दिया गया किन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नही किये जाने और दलाली व रिश्वतखोरी की शिकायत बरकरार होने के कारण 6 नवंबर से जिला युवा कांग्रेस दुर्ग (ग्रा) महासचिव दीपांकर साहू के नेतृत्व में 3 सूत्रीय मांगो को लेकर अनिश्चितता कालीन धरना शुरू किया गया है।

महासचिव दीपांकर साहू ने कहा ड्राइविंग लाइसेंस के आड़ में करोड़ों के अवैध वसूली करने वाले प्रमुख अधिकारियों के विरुद्ध जब तक एफआईआर नहीं होती एवं मांग पूरी नहीं होगी तब तक अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रखेंगे चाहे 100 दिन लग जाये। समय समय में आरटीओ कार्यालय तक रैली, प्रदर्शन, हस्ताक्षर अभियान, पोस्टकार्ड अभियान व पर्चा बांटने का कार्यक्रम प्रतिदिन के हिसाब से चालू रहेगा। जिला युवा कॉंग्रेस दुर्ग (ग्रा) प्रभारी नरेंद्र वर्मा, पूर्व जनपद सभापति विक्की मिश्रा, जिला अध्यक्ष जयंत देखमुख समर्थन में पहुचे साथ ही प्रमुख रूप से, अनिल देशमुख, ब्लॉक अध्यक्ष यशवंत देशमुख, सूरज, पंकज सिंह, कय्यूम खान, अजय वर्मा, रामा वर्मा, खुशाल देशमुख, मोनू निषाद, राहुल बघेल, संजू साहू, अजय देशमुख, प्रेमप्रकाश देशमुख, राहुल साहू, हर्ष, दीपक, राहुल चंद्राकर, तामस देव उपस्थित थे।

# परम्परागत साधन हुए विलुप्त आधुनिक साधनों से मिंजाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



छत्तीसगढ में आधुनिक खेती और समितियों के द्वारा धान खरीदी से किसान आर्थिक रुप से संबल हो रहे है। साथ ही आधुनिक खेती करने से जहाँ पुराने खेती के साधन विलुप्त हो रहे है लेकिन आधुनिक खेती के संसाधनों का उपयोग करने से उत्पादन लागत में कमी आने से खेती करने वाले किसान आर्थिक रुप से मजबूत होने लगे है। अब खेती के लिए विभिन्न सुविधाओं जैसे ट्युब वेल सोलर ट्युब वेल अपनाने लगे है। पाटन क्षेत्र के लोग राजनीतिक क्षेत्र व पढाई लिखाई की दृष्टि से पहले से ही अत्यंत जागरुक है। लेकिन अब यहां के किसानों ने भी जागरुकता दिखाकर मिसाल कायम किया है। आधुनिकता के साथ पम्परागत के बीच समन्वय स्थापित कर सरकार के विभिन्न सुविधाओं के बावजूद किसान दर्जनों परेशानियो के बीच खेती कर रहे है। लेकिन कुछ समस्याओं को लेकर लगातार किसान परेशान हो रहे है और इस परेशानी के बाद भी किसान धान के लिए आधुनिक खेती अपनाने से किसानों को आर्थिक संबलता मिल रही है। गौठान योजना बंद होने से जानवरों के समुचित प्रबंधन नहीं हो रहा है। खेती जमीन में प्लांटिग करने से पानी आने के जलस्त्रोत बंद हो रहे है इससे पानी खेतों तक पहुँचने में बहुत दिक्कत है ।शहरों के अधिक पैसे वाले जमीन खरीदकर घेरा करने से किसानों को खेत आने जाने के रास्ते बंद कर रहे है। इससे धान लाने ले जाने में बहुत परेशानी हो रही है। खेत के पैरे को घुरवा में दबाकर खाद बनाने की तैयारी कर रहे है इससे पर्यावरण प्रदुषण भी नही होगा और धान उत्पादन के लिए खेतों को प्राकृतिक खाद भी मिल जायेगी।

■ आधुनिक खेती से किसान आत्मनिर्भर होकर आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे

किसान आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल करने से खेतों के उत्पाद का सही उपयोग कैसे करे यह परेशानी बन गया है।हारवेस्टर और थ्रेशर से मिंजाई कार्य करने से खेत में ही पैरा छूट जाता है किसान उस पैरे को आग लगा देते थे।लेकिन उससे उठने वाले धुएं ठंड होने के कारण नमीयुक्त होकर ऊपर नही उठ पाते थे और आसपास नीचे ही फैल जाते थ ।इससे वातावरण प्रदुषित होना शुरु हो गया था इसी बात को ध्यान रखकर किसानों ने अपने पैरे का सही उपयोग करना शुरु कर दिया है। सेलूद के किसान रुपेश यादव ने बताया कि मेरे घर में बहुत से जानवर है उसके लिए पैरे की कुट्टी व्यवस्था करने के बाद बचे हुए पैरे को मिट्टी के साथ दबाकर खाद बनाता हूँ जिससे खेतों में वर्षा के पहले डालता हूँ जिससे उत्पादन में बढोत्तरी हो रही है।ग्राम कृषक रमेश कश्यप ने बताया कि आधुनिक खेती आने से खेतों में पैरा छुट जाता है लेकिन घर में जानवर होने के कारण बाद में सभी पैरा को बैलागाडी से घर में ढुलाई करते है। आधुनिक उपकरणों से जहाँ समय कम लगता है वही उत्पादन लागत भी कम आती है लेकिन इसमें पैरे की प्रमुख समस्या उत्पन्न होती है।कुछ किसान अपने ट्रैक्टर या बैलगाड़ी से जानवरों को खिलाने के लिए पैरे को अपने खलिहान तक ले जाते है लेकिन जिस किसान के पास जानवर नहीं है उन किसानों के द्वारा पैरे को खेत में जला दिया जाता था लेकिन अब किसानों में जागरुकता आई है।सरकार के द्वारा मनाही के बाद पैरे को अपने खेत में जलाने के बजाय खाद बनाने के उपयोग में लाया जा रहा है यह जागृति किसानों में आई है ।

### आशीष नगर में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ जारी

# बच्चों के अंदर संस्कार का बीजारोपण करें, संसार का नहीं : संत निरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आशीष नगर (पश्चिम ) सडक नं. 23 रिसाली भिलाई में जारी है। यहां प्रवचन करते हुए संत निरंजन महाराज लिमतरा आश्रम ने कहा कि आज भारत देश मे शास्त्र अनुसार प्रचलित सोलह संस्कारों में से कुछ ही संस्कार शेष है बाकी पाश्चात्य सभ्यता के अंधानुकरण के कारण संस्कार विलुप्तता के कगार पहुच गए है। छोटे छोटे बच्चो की मासूमियत छीन गई और उम्र से अधिक बड़े परिलक्षित हो रहे है।



उन्होंने कहा कि बच्चो के अंदर तो संस्कार की बजाय आज संसार की अधिकता दिखाई दे रही है, ये संसार आज तो अच्छा प्रतीत हो रहा है लेकिन निकटतम भविष्य अंधकार मय रहेगा इसलिए जीवन मे संस्कार को धारण करे बच्चो के अंदर बचपन से ही संस्कार का बीजारोपण करे, तभी आने वाला भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने कहा कि बच्चे ही आने वाले भारत देश का भविष्य है इसलिए बच्चो को संस्कार युक्त बनाये, व्यवहार कुशल बनाये। साहू परिवार के शुभसँकल्प से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में ध्रुव चरित्र भरत चरित्र और प्रह्लाद चरित्र पर आध्यात्मिक भाव प्रकाशित करते हुए निरंजन महाराज ने कहा व्यवहार जगत में रहना है तो व्यवहार कुशल होना आवश्यक है। माता पिता की सेवा ही भगवान की सेवा है जगह जगह वृद्धाश्रम खोलना ये भारत माँ की माटी पर कलंक साबित हो रहा है घर के भगवान की सेवा घर मे ही हो , लेकिन आज तो स्थिति यह है कि घर के माता पिता रूपी भगवान घर मे एक अंग वस्त्र के लिए तरस रहे है और लोग मंदिर में जाकर लाखो रूपये का दान कर रहे है, लेकिन याद रखे ऐसे दान को प्रभु स्वीकार नही करते जीव के अंदर भगवान का दर्शन न हुवा और मंदिर में जाकर भगवान ढूंढने से भगवान नही मिल सकता। माता पिता का त्याग नही अपितु जीवन भर उनकी सेवा करे। आयोजक हरिशंकर साहू, गायत्री साहू, आशीष साहू, नीलम साहू ने बताया कि कथा में दूर दूर से श्रध्दालु जन उपस्थित होकर श्रीमदभागवत कथा का लाभ प्राप्त कर रहे है।

### भागवत कथा श्रवण मात्र से ही मोक्ष की प्राप्ति : युवराज

पाटन । दुर्ग जिले के नगर पंचायत पाटन मे 7 नवंबर से लगातार चल रहे श्रीमद भागवत कथा में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ सहित ओडिशा प्रदेश से भी हजारों कीं सख्या में श्रध्दालु पहुंच रहे हैं । यहां तक कि विशाल पंडाल में पैर रखने तक की जगह नहीं है। श्रद्धालुओं की अपार भींड पंडाल के बाहर भी लगी है। यह आयोजन नगर पंचायत पाटन के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप अपनी पत्नी मीना कश्यप की स्मृति में करा रहे हैं।
बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में आकर्षक झांकी सजाई गई जिसमें छत्तीसगढ़ लोक परम्परा अनुसार हल्दी रस्म सहित श्री कृष्ण जी एवं रूखमणी विवाह हुआ। मड़वा गीत के साथ सभी श्रद्धालु झूम उठे। कथावाचक पं युवराज पांडेय भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं सहित कलिदहन, गोवर्धन पूजा, माखन लीला, ब्रह्मा का मोह सहित गोपी का मां कात्यायनी की आराधना करना और श्री कृष्ण को प्राप्त करने के विषय में प्रवचन किया।

## खबर संक्षेप

### करंट की चपेट में आने से कर्मी की मौत

**भिलाई।** क्रेन में अचानक करंट प्रवाह होने से कर्मी के चपेट में आने से मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि छावनी पटेल निवासी नवल पटेल 25 वर्ष साल भर से जामुल स्थित स्वास्तिक इंजीनियरिंग वर्क्स में काम कर रहा था। क्रेन में बिजली का तार संपर्क में आ गया। जहां कर्मी नवल काम कर रहा था। जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने स्वास्तिक इंजीनियरिंग प्रबंधन पर पहुंचे। जहां नवल के मौत पर प्रबंधन ने मुआवजा और मेड़िक्लेम देने का आश्वासन दिया। कंपनी के द्वारा कर्मियों की सुरक्षा को लेकर चूक होने का आरोप भी लगाया है। हादसे ने पटेल परिवार का बेटा छिन लिया। जामुल थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस पहुंची थी। शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया। करंट कैसे लगी जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### पेंशनर महासंघ का वार्षिक अधिवेशन 15 को

**भिलाई।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दुर्ग जिला इकाई का वार्षिक अधिवेशन सह दीपावली मिलन समारोह 15 नवम्बर शनिवार को केसरी नंदन हनुमान मंदिर प्रांगण मीनाक्षी नगर दुर्ग में आयोजित किया गया है। संगठन के जिला ईकाई अध्यक्ष बी के वर्मा ने बताया है कि आयोजन चार सत्रों में होगा, जिसमें प्रथम सत्र में सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर के प्रमुख दंडीस्वामी डॉ इंदुभवानंद महाराज का मनुष्य जीवन की सार्थकता विषय पर आध्यात्मिक प्रवचन होगा। द्वितीय सत्र में खेलकूद गतिविधियां तथा तृतीय सत्र में 4 से 4.45 बजे तक मंचीय कार्यक्रम होगा। मुख्य अतिथि डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, अध्यक्षता बी के वर्मा संभागीय अध्यक्ष तथा विशेष अतिथि के रूप में वीरेंद्र नामदेव प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। चौथे सत्र में 4.45 बजे से जिला इकाई अध्यक्ष का निर्वाचन सम्पन्न होगा ।इस हेतु दिनेश वर्मा अधिवक्ता दुर्ग को निर्वाचन अधिकारी तथा डी पी दिल्लीवार को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। तीन वर्ष के अल्प काल में ही भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दुर्ग जिला इकाई के 326 सदस्य बन चुके हैं।

### तीन सटोरिए पुलिस गिरफ्त में



**भिलाई।** सट्टे का अवैध कारोबार करने वाले तीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सेक्टर 5 क्रास स्ट्रीट 4 मंच के पास युवकों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर सट्टापट्टी लिख रहे थे। पुलिस ने दबिश देकर जुनवानी खम्हरिया रोड स्मृति नगर निवासी घनश्याम सोलंकी ,सेक्टर 04 सड़क 21 ब्लॉक 08/बी भिलाई मनोज मेश्राम, शांति नगर सड़क 6 संजय सेनापति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सटोरियो के पास से पुलिस ने 7 हजार 3 सौ रुपए, तीन मोबाईल, सट्टापट्टी, नीले स्याही का डाट पेन जब्त किया है। सटोरियों के खिलाफ पुलिस ने छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### कैम्प-1 मंदिर में श्रीराम कथा कल से

**भिलाई।** संकट मोचन हनुमान मंदिर कैम्प-1 भिलाई के में 14 से 22 नवंबर तक श्रीराम कथा आयोजित है। आयोजक आचार्य पं. ओमप्रकाश द्विवेदी ने बताया कि संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में अयोध्या धाम के श्री श्री 108 संत दामोदर महाराज के मुखारविन्द से दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रतिदिन श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से समय से पहले उपस्थिति की अपील की है।



## तैयारी : सबसे ज्यादा पाटन तहसील के 43352 किसानों का पंजीयन

# धान खरीदी : जिले के 1.8 लाख किसानों का रजिस्ट्रेशन, इस बार 4806 नए किसान

भिलाई। धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होगी। इस बार दुर्ग जिले के 1 लाख 8 हजार 727 किसानों ने धान बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। खास बात यह है कि इस बार 4806 नए किसान हैं जो पहली बार धान बेचेंगे। वहीं जिले के छह तहसीलों में सबसे ज्यादा किसान पाटन तहसील के हैं। इस तहसील में 43352 किसानों ने धान बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। प्रशासन द्वारा सभी किसानों का सत्यापन कार्य भी पूरा करवा लिया गया है।

### हड़ताल की वजह से किसानों को नहीं मिल पाया है टोकन



#### 3331 किसानों ने कराया अपना रकबा संशोधित

सूत्रों के मुताबिक जिले के कई किसानों ने अपना रकबा संशोधित करवाया है। इसमें ऐसे किसान हैं जिनके बंटवारे की वजह से रकबा कम हो गया है। या फिर इस बार धान की जगह दूसरी फसल ले ली है। कई किसान ऐसे हैं जिन्होंने अपनी जमीन दूसरे को बेच दी और अब उनके नाम कम जमीन ही रह गई है। ऐसे मामलों के आवेदित किसानों का रकबा संशोधित किया गया। कृषि व राजस्व विभाग ने रकबा का सत्यापन कार्य भी करवाया है ताकि किसानों को धान बेचने के दौरान कोई दिक्कतें उठाना नहीं पड़े।

#### तीन पोर्टल में इस बार किसानों का वेरीफिकेशन

प्रदेश सरकार के आदेश के बाद दुर्ग सहित पूरे प्रदेशभर में तीन पोर्टल में किसानों का वेरीफिकेशन का कार्य चला। राज्य के भुईयां पोर्टल में किसानों के दर्ज नाम व रकबे का वेरीफिकेशन कार्य हुआ। उसके बाद सहकारी समिति स्तर पर भी पोर्टल में किसानों के नाम व रकबे का मिलान हुआ है। केंद्र सरकार के एग्रीस्टेक पोर्टल भी इस बार भेजा है। जिसमें भी किसानों का रजिस्ट्रेशन करवाया गया है। तीन स्तर पर किसानों के रकबे का ब्योरा फीड किया गया है।

#### किसानों को है टोकन का इंतजार

सहकारी समिति प्रबंधक व कर्मचारियों के हड़ताल की वजह से ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसानों को अभी तक धान बेचने के लिए टोकन नहीं मिल पाया है। जिले के 118 सहकारी समितियों में धान खरीदी की तैयारी ठप सी हो गई है। किसानों ने बताया कि पिछले साल 9 नवंबर से धान का टोकन मिलना शुरू हो गया था। 12 नवंबर को धान खरीदी डेमो प्रक्रिया पूरी कर ली जाती। इस बार टोकन को लेकर किसान परेशान है।

#### अरली वेरायटी धान कटाई 80 प्रतिशत पूर्ण

15 नवंबर से धान खरीदी होनी है इसलिए किसानों ने अरली वेरायटी की धान कटाई भी तेजी से कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक 80 प्रतिशत धान कटाई का कार्य पूरा कर लिया गया है। किसान अपनी उपज को उपार्जन केंद्रों तक लाने के लिए हार्वेस्टर से धान की कटाई व मिंजाई का काम करवा रहे हैं। लेट वेरायटी की धान भी लगभग तैयार हो गई है। इसी महीने के अंतिम में इसकी भी किसान कटाई शुरू कर देंगे।

#### जिले में तहसीलवार किसानों का रजिस्ट्रेशन

| तहसील | किसानों की संख्या | नए किसान |
|---|---|---|
| दुर्ग | 25619 | 1159 |
| अहिवारा | 11767 | 563 |
| धमधा | 17687 | 813 |
| पाटन | 43352 | 1799 |
| बोरी | 8775 | 424 |
| भिलाई | 1527 | 48 |
| कुल | 108727 | 4806 |

#### सत्यापन कार्य पूरा

जिले के सभी किसानों का रजिस्ट्रेशन कार्य व सत्यापन का कार्य हमने पूरा करवा लिया है। नए और संशोधित किसानों की जानकारी भी पोर्टल में अपडेट करवा ली गई है। इस बार धान बेचने यदि किसान खुद नहीं आ पाया तो नामिनी आकर धान बेच सकता है। -संदीप कुमार भोई, उप संचालक, कृषि

## विधायक ललित ने किया समस्याओं का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏩दुर्ग

ग्राम पुरैना के कार्यकर्ताओं ने विधायक ललित चंद्राकर के निवास पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ग्राम की समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। विधायक ललित चंद्राकर ने समस्याओं को सज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी से बात कर तुरंत निराकरण किया।

■ स्थानीय लोगों ने विधायक से की मुलाकात

बता दें कि बिहार प्रवास से आने के बाद विधायक ललित चंद्राकर द्वारा पूर्व की भांति निवास स्थान पर जनदर्शन लगाकर क्षेत्र की समस्यायों को सुनकर निराकार किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि वे क्षेत्र के लोगों की सेवा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विधायक ललित चंद्राकर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली और प्रयासों से क्षेत्र के लोगों को बहुत लाभ हुआ है। इस अवसर पर डी साईं, बी चंद्रवती, सुमित्रा, ईश्वरी, पी कविता, अनीता पात्रों, वरलक्ष्मी, के राजुल्लम्मा, एस भूलक्ष्मी, भानुअम्मा, पी सुजाता, बी सुमलता, कुमारी, पी सुमलता, जी लक्ष्मी रेड्डी, सरोज बाई, रूखमणि, पिंकू गुप्ता, द्रोपति यादव, जानकी, इंद्राणी वर्मा, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## निर्वाचन नामावली कार्य में लापरवाही निगम सफाई कामगार निलंबित

**भिलाई।** अनिल कुमार सौदागर, सफाई कामगार (नियमित) को निर्वाचन नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण का गणना पत्रक वितरण कार्य हेतु बी.एल.ओ. के फार्म में सहयोगी के रूप में ड्यूटी लगाई गई थी, जोन आयुक्त द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि अनिल कुमार सौदागर द्वारा 11 नवंबर को दोपहर 2:50 बजे तक कार्य में उपस्थित नही हुआ। उनके द्वारा निर्वाचन कार्य में सहयोग नहीं करते हुये कार्यालयीन समय में मद्यपान करते हुये निर्वाचन संबंधी सर्वोच्च प्राथमिकता के कार्य में बाधा पहुंचाई गई एवं उच्च अधिकारियों से अशोभनीय आचरण किया गया है । जिसके कारण गणना पत्रक वितरण कार्य में विलंब हुआ। इस कृत्य कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता का परिचायक है एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 की नियम-3 के नियम (1) (2) (3) के विपरीत आचरण होने एवं निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उदासीनता बरते जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## पहले काबिज दुकानें हटाएं, फिर करें निगम किराया और टैक्स की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

### आकाशगंगा सब्जी मंडी व्यवसायियों ने की मांग



भिलाई नगर निगम ने आकाश गंगा सब्जी मंडी के व्यापारियों को चबूतरों का किराया और टैक्स की वसूली करने नोटिस जारी की गई है। इसके बाद से मंडी के व्यापारियों में रोष व्याप्त हो गया है। व्यापारियों का आरोप है कि वो काफी समय से मंडी में बेजा कब्जा कर संचालित की जा रही अस्थाई दुकानों को हटाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन निगम उस पर ध्यान नहीं दे रहा है। पहले निगम उन दुकानों को हटाने की कार्रवाई करे उसके बाद आगे की प्रक्रिया करे।

सब्जी मंडी के अध्यक्ष रवि जॉन सिंह का कहना है कि आकाश गंगा सब्जी मंडी को थोक सब्जी मंडी के रूप में 1992 में बसाया गया था। यहां कई एकड़ की पार्किंग भी दी गई थी, लेकिन बाद में निगम ने उस जमीन को कांप्लेक्स बनाने के लिए आवंटित कर दिया। इससे सब्जी लेकर आने वाले ट्रक मंडी के बाहर सड़क पर पार्क हो रहे हैं। मंडी के अंदर कुछ ट्रक आने की जगह बची थी वहां भी कुछ व्यापारियों ने कब्जा करके बांस बल्ली व तिरपाल डालकर अस्थाई दुकान बना ली है। इससे ट्रकों को आने जाने में परेशानी हो रही है। इससे व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है।

इतना ही नहीं दुकान हटाने को लेकर समिति के निर्णय के बाद दबंग व्यापारी दुकान नहीं हटा रहे हैं। मंडी समिति ने निर्णय लेकर इन दुकानों को हटाने के लिए निगम में कई बार लिखित शिकायत की है, लेकिन निगम की टीम हर बार आती है और चेतावनी देकर चली जाती है। निगम को चाहिए कि पहले वो मंडी के अंदर से बेजाकब्जा कर बनाई गई दुकानों को तोड़े। उसके बाद चबूतरों के आवंटन को सही कर उस व्यापारी को चबूतरा आवंटित करे, जो सही आवंटी हो।

#### जांच में अवैध कब्जा पाए जाने के बाद भी नहीं हटाई दुकान

रवि का कहना है कि उन्होंने 29 जुलाई, 5 अगस्त और 30 अगस्त को निगम में लिखित शिकायत कर समिति की ओर से आरोप लगाया था कि आकाश गंगा सब्जी मंडी के अंदर ट्रकों के खड़े होने वाले स्थान में नारायण सिंह एंड कंपनी के संचालक अमित सिंह कब्जा करके बांस बल्ली से एक बड़े स्थान में कब्जा करके अस्थाई दुकान बना ली है। इससे व्यापारियों को अंदर से बाहर और बाहर से अंदर माल लाने में काफी परेशानी हो रही है। निगम में जोन 1 के राजस्व अधिकारी रहे अजय शुक्ला ने भी अपनी जांच में पाया था कि अमित सिंह ने अवैध कब्जा किया है, और उसे दुकान

## तीन सटोरिए से 20 हजार जब्त



**भिलाई।** सट्टा का अवैध कारोबार करने वाले तीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम। 112 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम मचादूर चौकी मचादूर उतई निवासी धन सिंह देवांगन, ग्राम सिरसा कला थाना पुरानी भिलाई धर्मेंद्र कुमार ठाकुर,शत्रुहन साहू को गिरफ्तार किया गया है। ग्राम सेलूद बजरंग चौक किरण टेलर दुकान पर संचालक धन सिंह देवांगन सट्टा पट्टी लिख रहा था। आरोपी मोबाइल वाट्सअप के माध्यम से सट्टा पट्टी ,सट्टा की रकम को धर्मेंद्र ठाकुर को भेजता था। धर्मेंद्र ठाकुर मोबाइल व्हाट्सएप के माध्यम से सट्टा लिखते पाया गया। सटोरियों से पूछताछ करने पर बताया गया सभी को सट्टा खाईवाल संजय यादव के द्वारा रोज 500 रोजी के हिसाब से काम करना स्वीकार किया। सटोरिया संजय यादव की तलाश में पुलिस तलाश कर रही है। सटोरियों के पास से 4 मोबाइल, सट्टापट्टी,2 रजिस्टर, नोटबुक, डॉट पेन नगदी 20 हजार रुपए जब्त किया गया। सामनों की कीमत 35 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव समेत उनकी टीम का योगदना रहा है।

## दस हितग्राहियों को मिला पीएम आवास

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई सभापति गिरवर बंटी साहू, निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी, जोन-2 अध्यक्ष रामानंद मोर्या एवं अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना के 10 हितग्राहियों को खुली लाटरी पद्धति के माध्यम से मकान आवंटित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (ए.एच.पी.) मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत निर्मित/निर्माणाधीन आवासो की कुल संख्या 1669 है, जिसमें से 1032 आवास हितग्राहियों को आवंटित किया जा चुका है। रिक्त आवासों की संख्या 637 है, जिसका लाटरी निकालकर आवास आवंटन किया जायेगा। लाटरी में वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन एवं अन्य हितग्राहियों को शामिल करते हुए लाटरी के माध्यम से आवास आबंटित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को वंदे मातरम कुरूद भिलाई एवं सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया का मकान आबंटित किया गया है। लाटरी के दौरान आवास प्रभारी विद्ययाधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, नम्रता सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## अशोक बने तहसील साहू संघ पाटन के सलाहकार



**पाटन।** तहसील साहू संघ पाटन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस कार्यकारिणी में जिला पंचायत दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू को संघ का सलाहकार मनोनीत किया गया है। गौरतलब है कि अशोक साहू ने कांग्रेस पार्टी से दो बार दक्षिण पाटन क्षेत्र क्रमांक 12 से जिला पंचायत सदस्य के रूप में निर्वाचित होकर जनसेवा की है। श्री साहू ने जिला साहू संघ दुर्ग के अध्यक्ष नंदलाल साहू, संरक्षक अश्वनी साहू, तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू सहित तहसील, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण इकाई के सभी पदाधिकारियों व शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## साव बने बीएसएनएल सलाहकार समिति के सदस्य



**भिलाई।** बीएसएन की दूरसंचार समिति सलाहकार समिति में सुभाष प्रसाद साव को सलाहकार नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने की है। उनके अलावा वैशालीनगर निवासी राजेश शर्मा को भी सदस्य बनाया गया है। प्रदेश से कुल 8 लोगों की नियुक्ति की गई है। इनमें बलोदाबाजार से जसकरण राना, रायपुर से कुलदीप सिंह, बेमेतरा से नवीन ताम्रकार, रायपुर से अश्वनी राजपूत, सुनील भुवाल, त्रिलोचन सिंह सचदेवा शामिल हैं।

## गणना पत्रक का कार्य जारी

**भिलाई।** मतदाता सूची का विशेष सघन पुनरीक्षण किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) द्वारा हर एक मतदाता को घर-घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। गणना प्रपत्र, बी.एल.ओ. के पास जमा करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर है।










# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 13 नवंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


02



महिला वर्ग बनी विजेता

## लाइव इवेंट

## लाठी प्रशिक्षण शिविर में सीखे आत्मरक्षा के गुर, मिला सम्मान



■ एक दिवसीय नि:शुल्क आत्मरक्षा लाठी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**भिलाई।** संकल्प जन सेवा समिति और लाठी स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क आत्मरक्षा लाठी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। संकल्प जन सेवा समिति के अध्यक्ष भरत देवांगन ने बताया कि सुबह 7 से 9 बजे तक नर्मदा मैदान सुरसुली देवरी में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में 10 से 30 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समिति के अध्यक्ष भरत देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य भारतीय पारंपरिक मार्शल आर्ट लाठी को जन-जन तक पहुंचाना है। प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, फिटनेस, आत्मरक्षा, संस्कृति एवं खेलों के माध्यम से करियर निर्माण के अवसरों पर मार्गदर्शन दिया गया।शिविर में 81 प्रतिभागियों को अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकें सिखाई गईं, जिनमें विनय यादव, भगत सिंह, योगेश्वर मानिकपुरी और महिला प्रशिक्षिका अंजना राजवीर सिंह द्वारा लाठी की तकनीकी और आत्मरक्षा के कौशल का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लाठी स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी लाठी स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन इंडिया अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, अरविंदर सिंह खुराना, कार्यकारी अध्यक्ष मनमीत सिंह चावला, महासचिव संदीप ताम्रकार, मुख्य प्रशिक्षक योगी लाठी स्पोर्ट्स अकादमी योगेश्वर मानिकपुरी ने प्रतिभागियों को बारिकियां बताई। कार्यक्रम के अंत में शिविर में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं एक लाठी प्रदान की गई।



## सिटी इवेंट

## महान आत्माओं का संग मिलना ही सौभाग्य की बात : बीके विजया



**भिलाई।** ब्रह्माकुमारीज के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में आध्यात्मिक समागम का आयोजन किया गया। जिसमें अहमदाबाद के शाही बाग में स्थित सर्च लाइट सेवाकेंद्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी विजया बहन, धनवंती बहन, लता बहन कानाडा टोरंटो, नेहा बहन मुम्बई और कन्नू इस आध्यात्मिक समागम में उपस्थित थे।

53 वर्षों से समर्पित रूप से अपनी सेवाएं दे रही बीके विजया बहन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महान आत्माओं का संग मिलना बहुत ही सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि दुर्ग निवासी भाई बहनों को इंदौर जोन के पूर्व जोनल डायरेक्टर ब्रह्माकुमार आत्म प्रकाश भाई एवं ब्रह्माकुमारी कमला दीदी का सानिध्य मिला यह आप सभी का किसी न किसी जन्म के पुण्य कर्म का फल है। दुर्ग के आध्यात्मिक तीर्थ स्थल आनंद सरोवर का पवित्र एवं शांति के प्रकंपनो से भरा हुआ यह हाल ब्रह्माकुमारीज की अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू की अनुभूति कराता है। यह निश्चित तौर पर आप सभी भाई बहनों के तपस्या का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि आपके मन में ईश्वर के विषय में अनेक प्रकार के सवाल उठते थे। जैसे कि क्या ईश्वर सर्वव्यापी है, अगर हां तो भगवान कण कण में है तो क्या हम भगवान के ऊपर पैर रखते हैं? हम सबके अंदर भगवान हैं तो इस संसार में इतनी अपराध क्यों हो रहे हैं? सृष्टि में इतनी दुःख अशांति क्यों है? इन सभी सवालों का जवाब आपको प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि के द्वारा प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में आए हुए सभी भाई बहनों ने भी अपने आध्यात्मिक अनुभव साझा किये।कार्यक्रम में धारनी, वेनु और मीनू द्वारा आकर्षक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी से जुड़े सैकड़ो भाई -बहन कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी रूपाली बहन ने किया।



● बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने छात्रों को दिया प्रेरणादायी संदेश

# जीवन में सही निर्णय और दृढ़ निश्चय से ही मिलती है सफलता

# बच्चों को रील वर्ल्ड से रियल वर्ल्ड की ओर बढ़ने की जरुरत

विद्यार्थियों को रील वर्ल्ड से रियल वर्ल्ड की ओर बढ़ने की ज्यादा जरुरत है और जीवन में सही निर्णय और दृढ़ निश्चय से ही सफलता मिलती है। वर्चुअल दुनिया के दायरे से निकलकर वास्तविक जीवन के अनुभवों से सीखना ही आपको आगे लेकर जाएगा। अहिल्याबाई होल्कर और छत्रपति शिवाजी महाराज के समर्पण, नवाचार और एकाग्रता से सीखे। यही जीवन में सफलता की कुंजी हैं। रील वर्ल्ड से बाहर निकलने की यह प्रेरक बातें छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कही। बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 में पूर्व छात्र संघ द्वारा स्कूल के विद्यार्थियो के लिए रील वर्ल्ड से रियल वर्ल्ड की थीम पर मोटीवेशनल स्पीच का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा उपस्थित थी। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एक प्रेरणादायी व्याख्यान दिया।

**दुर्ग।** कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और पौधे भेंट कर किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जिसने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र शिक्षा अधिकारी शिखा दुबे, प्राचार्य सुमिता सरकार, सविता तिवारी और सीमा फिलिप उपस्थित रहीं। पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष विल्सन ममन, उपाध्यक्ष डॉ. प्रदीप चौधरी, महा सचिव विनय पीठाम्बरन, मनोज गुप्ता, रोहित अग्रवाल, जयंत मित्रा और उषा कार्यक्रम में शामिल रहे। विद्यालय की प्राचार्य सुमिता सरकार ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वहीं पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष ने संघ द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी दी गई।





### वीरों की गाथा बताकर किया बच्चों को प्रोत्साहित

मुख्य अतिथि डॉ. वर्णिका शर्मा ने अपने प्रेरक संबोधन में विद्यार्थियों को रील वर्ल्ड से रियल वर्ल्ड की ओर बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में सही निर्णय और दृढ़ निश्चय से ही सफलता मिलती है। उन्होंने देवी अहिल्याबाई होल्कर और छत्रपति शिवाजी महाराज के उदाहरण देते हुए बताया कि समर्पण, नवाचार और एकाग्रता जीवन में सफलता की कुंजी हैं।

### प्रश्नोत्तर राउंड में बच्चों की जिज्ञासाओं को किया क्लीयर

प्रेरक उद्बोधन के बाद आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने अपने मन के प्रश्न रखे। एक छात्रा ने साहसपूर्वक पूछा कि यदि किसी सार्वजनिक स्थान पर गलत स्पर्श की घटना हो तो क्या करना चाहिए। इस पर डॉ. शर्मा ने छात्रों को निडर और साहसी बने रहने और तुरंत अपने माता-पिता या शिक्षकों को इसकी जानकारी देने की सलाह दी।



### युवाओं का भविष्य स्मार्टफोन नहीं बल्कि वास्तविक जीवन के अनुभवों में है

नवीन पीढ़ी को सोशल मीडिया और वर्चुअल दुनिया के दायरे से निकलकर वास्तविक जीवन के अनुभवों को अपनाने का संदेश देते हुए डॉ वर्णिका ने कहा कि युवाओं का भविष्य स्मार्टफोन स्क्रीन नहीं, बल्कि वास्तविक जीवन के अनुभवों और सीख में छिपा है। उन्होंने व्याख्यान के दौरान बताया कि आज विद्यार्थी रील वर्ल्ड में इतना उलझ गए हैं कि वास्तविकता से दूर होते जा रहे हैं। जबकि जीवन की महत्वपूर्ण सफलताएं अनुभव, मेहनत और संवाद कौशल से ही प्राप्त होती हैं। उन्होंने कहा कि रील वर्ल्ड युवाओं को आकर्षक और चमकदार दुनिया दिखाता है, लेकिन असल जीवन मेहनत, अनुशासन, मूल्य और व्यवहार से आगे बढ़ता है। विद्यार्थियों को मोबाइल और सोशल मीडिया का संतुलित उपयोग करते हुए पढ़ाई, खेल, सामाजिक कार्य और कौशल-विकास की ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने सवालो–जवाब के माध्यम से विषय को गहराई से समझा और वास्तविक जीवन में सीखों को अपनाने का संकल्प लिया। अंत में डॉ प्रदीप चौधरी ने भी विद्यार्थियों से वास्तविक जीवन के अनुभवों, संवाद कौशल व मानव मूल्यों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा कप्तानों, उपकप्तानों एवं शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पूर्व छात्र संघ द्वारा प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान सिसिली ने आभार व्यक्त किया और वंदे मातरम् व राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# अंताक्षरी से सजी फिल्मी गीतों की महफिल, बच्चों ने किया रैंप वॉक




**भिलाई।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई ब्रांच का दिवाली मिलन वृंदावन दुर्ग में ओायजित किया गया था। समारोह में प्रमुख रूप से दुर्ग भिलाई के सभी सीनियर एवं जूनियर दंत चिकित्सक उपस्थित थे। हर्षोल्लास से सराबोर आयोजन में दंत चिकित्सकों द्वारा विविध रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर विभिन्न मनोरंजक खेल खिलाएं गए। कार्यक्रम की शुरुआत आईडीए अध्यक्ष डॉक्टर फातिमा खान के स्वागत भाषण से की गई। इस दौरान हाउजी, बच्चों का रैंप वॉक आयोजित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में एक से बढ़कर एक मनोरंजक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। सभी ने फिल्मी गीतों के संग अंताक्षरी खेली और कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। आईडीऐ की कार्यकारिणी समिति द्वारा मनोरंजक नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। सभी विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। उपस्थित चिकित्सकों को विशेष उपहार देकर आतिशबाजी के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आईडीए के सभी कार्य समिति के सदस्यों का बड़ा योगदान रहा।

# पॉवर स्पोर्ट्स फेस्टिवल ऑफ छत्तीसगढ़ कल से भिलाई में

■ आर्म रेस्लिंग, पॉवरलिफ्टिंग व बॉडीबिल्डिंग स्पर्धा में शामिल होंगे 400 खिलाड़ी और ऑफिशियल

**भिलाई।** पॉवर जिम सेक्टर-6 में पॉवर स्पोर्ट्स फेस्टिवल ऑफ छत्तीसगढ़ 2025 प्रतियोगिता 14 से 16 नवंबर तक आयोजित है। आर्म रैसलिंग, पॉवर लिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग की इस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ प्रदेश से लगभग 400 खिलाड़ी और ऑफिशियल भाग लेंगे। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार, मेडल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। 14 नवंबर को आर्म रेसलिंग (महिला व पुरुष) प्रतियोगिता सुबह 10 बज से प्रारंभ होगी। शाम 4 बजे से पॉवरलिफ्टिंग (बालक/ बालिका/ पुरुष/ महिला) प्रतियोगिता वजन वर्ग 53,59,66,74 केजी शाम 5 बजे प्रारंभ होगी। साथ ही पुरस्कार वितरण भी की जाएगी। 15 नवंबर को सुबह 8 बजे से वजन वर्ग 83, 93, 105, 120, +120 की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 16 नवंबर सुबह 9 बजे से महिला खिलाड़ियों के सभी वर्गों की एवं विकलांग वर्ग के खिलाड़ियों की प्रतियोगिता की जाएगी। शाम 4 बजे से बॉडीबिल्डिंग, मेंस फिजिक एवं डिसेबल वर्ग की प्रतियोगिता वजन वर्ग संध्या 4:00 बजे से एवं प्रतियोगिता 6 बजे से आयोजित की जाएगी। साथ ही विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया जाएगा। इस पूरे प्रतियोगिता में आर्म रैसलिंग चैंपियन को नगद पुरस्कार, पावरलिफ्टिंग में महिला एवं पुरुष बालक एवं बालिका बेस्ट लिस्टर को नगद पुरस्कार, बॉडीबिल्डिंग एवं मेंस फिजिक एवं डिसेबल वर्ग में विजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा।

## केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा अनुच्छेद लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

कार्नर न्यूज

# अपने विचारों को शब्दों से व्यक्त करने वाले हुए अमर आत्म-अभिव्यक्ति का सर्वोत्तम माध्यम लेखन कौशल

**भिलाई।** राजभाषा के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा दुर्ग द्वारा केंद्रीय विद्यालय में अनुच्छेद लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति अभिरुचि जागृत करने और लेखन कौशल को प्रोत्साहन देना था। लेखन प्रतियोगिता की थीम पर्यावरण, मोबाइल की लत, कृत्रिम बुद्धिमत्ता का महत्व और सुबह की सैर का आनंद जैसे समसामयिक विषयों पर रखा गया था। यह आयोजन विद्यार्थियों के लेखन कौशल को नई दिशा देने वाला और भाषा के प्रति प्रेम जगाने वाला सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य उमाशंकर मिश्र और बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय व्यवसाय विकास प्रबंधक विनय प्रकाश और अधिकारी सुदीपा राय विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा कि लेखन व्यक्ति के विचारों को दिशा देता है और आत्म-अभिव्यक्ति का सर्वोत्तम माध्यम है। शब्द वह शक्ति है जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को आकार देती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे लेखन को केवल परीक्षा की तैयारी का माध्यम न मानें बल्कि अपने विचारों और संवेदनाओं को शब्दों के रूप में गढ़ने की आदत विकसित करें।



### इन्हें मिला पुरस्कार

विजेताओं में प्रथम स्थान वासुदेव उमरे, द्वितीय श्रीया पांडे और तृतीय स्थान सारांश नापित ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार सोनाली मिश्रा और चंचल साहू को जबकि प्रोत्साहन पुरस्कार यशस्वी राजपूत को प्रदान किया गया।





### लेखन वह साधना जो हमेशा अपनी छाप छोड़ जाती है

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ अजय आर्य ने कहा कि शब्द को ब्रह्म कहा गया है क्योंकि वह नष्ट नहीं होता और अपनी छाप हमेशा छोड़ जाता है। लेखन वह साधना है जो मनुष्य को अमरता प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि इतिहास के पन्नों पर वे ही लोग अमर हुए हैं जिन्होंने अपने विचारों को शब्दों के माध्यम से व्यक्त किया।मुख्य अतिथि विनय प्रकाश ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रहा है। उन्होंने बताया कि बैंक छात्रों को ब्याज मुक्त शिक्षा ऋण की सुविधा देता है। बच्चों के लिए खोले जाने वाले खातों में किसी प्रकार का न्यूनतम शेष रखने की बाध्यता नहीं रखी गई है। सुदीपा रॉय ने बताया कि इस प्रतियोगिता के विषय पर्यावरण मोबाइल की लत कृत्रिम बुद्धिमत्ता का महत्व और सुबह की सैर का आनंद जैसे समसामयिक विषयों पर आधारित थे जिनसे विद्यार्थियों को अपने विचारों की गहराई को व्यक्त करने का अवसर मिला।प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में नीता दास, पुरुषोत्तम साहू, विनय प्रकाश और सुदीपा रॉय उपस्थित थे। अंत में आभार प्रदर्शन पुरुषोत्तम साहू ने दिया। सभी प्रतिभागियों को भेंट स्वरूप पेन प्रदान किया गया।

सिटी इवेंट

## दिवाली मिलन में बही काव्य रस की धारा, रजत जयंती की मनाई खुशियां



**भिलाई।** राष्ट्रीय काव्य रसिक संस्थान के बैनर तले छत्तीसगढ़ काव्य रसिक संस्थान की अध्यक्ष संध्या जैन के निवास शांति नगर कोहका भिलाई में दिवाली मिलन और छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के पर काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। इस काव्य गोष्ठी में शहर के अलावा विभिन्न शहरों के रचनाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम के आरंभ में योगेश्वर शर्मा ने मां सरस्वती का पूजन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया और कार्यक्रम की मेजबानी कर रहे कीर्ति कुमार जैन ने सभी कवियों का तिलक लगाकर एवं वरिष्ठ कवियों को शॉल भेंट कर स्वागत किया। आयोजन में छत्तीसगढ़ काव्य रसिक संस्थान की अध्यक्ष संध्या जैन भिलाई, रायपुर से संस्थान के महामंत्री अमृतांशु शुक्ला, आरव शुक्ला, रायपुर से ही योगेश्वर शर्मा योगी, महासमुंद से पुष्पलता भार्गव सुनंदा, भाटापारा से निवेदिता वर्मा मेघा, दुर्ग से फिरीत राम पटेल. बिलासपुर से राकेश अयोध्या, भिलाई से अशोक चोपड़ा, डॉ संध्या जैन राज, डा, नौशाद अहमद सिद्दीकी और रियाज खान गौहर सहित कई रचनाकारों ने काव्य की रसधार बहा कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में कीर्ति कुमार जैन एवं उनकी पुत्री त्रिशाला जैन ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

सिटी लाइव

## शिविर में 50 स्वयंसेविकाएं ग्रामीणों को करेंगी जागरूक



**भिलाई।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई द्वारा ग्राम धनोरा में 7 दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत की गई। शिविर में 50 से अधिक स्वयंसेविकाएं शामिल हुई। शिविर के दौरान रोज जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उद्घाटन शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह वर्धन किया।

■ राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य उद्घाटन समारोह

शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि शासकीय महाविद्यालय, रिसाली प्राचार्या डॉ. अनुपमा अस्थाना, ग्राम धनोरा सरपंच रुलेश्वरी बंजारे, चंद्रशेखर बंजारे, पंच चेतन लाल साहू, प्रधान पाठिका, शासकीय माध्यमिक शाला धनोरा की प्रधान पाठिका पुष्पा सिंह, प्राथमिक शाला, धनोरा प्रधान पाठिका अंबिका सांग और समाजशास्त्र विभाग से शालिनी मेश्राम उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीना मान ने प्रस्तुत किया। जिसमें उनके द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर में आगामी गतिविधियों का विवरण दिया गया। उद्घाटन सत्र के बाद बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें कल्याणी नशा मुक्ति केंद्र के निदेशक अजय कल्याणी ने नशा मुक्ति, नारी सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विषय पर प्रेरक उद्बोधन दिया। उन्होंने युवाओं से सामाजिक सुधार के लिए योगदान देने का आव्हान किया। इस अवसर पर खुशबू ,रागिनी साहू, यागिनी देवांगन, पूजा, भावना, केजल, वासुधा, नम्रता, साक्षी, मौसमी, नंदनी, आराधना, यमुना, रेश्मी सहित कुल 50 स्वयंसेविकाओं का विशेष योगदान रहा।

समाज इवेंट

## स्वाति साहू बनी तैलिक साहू महासभा की कार्यकारी अध्यक्ष



**भिलाई।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा ने संगठन में महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देते हुए समाजसेविका स्वाति साहू को राष्ट्रीय महिला कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रीय महासचिव रामलाल गुप्ता ने बताया कि स्वाति साहू के नेतृत्व में महासभा तैलिक साहू महिला स्वावलंबन अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर गति देगी। इस अभियान का उद्देश्य समाज की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ शिक्षा, कौशल विकास और सूक्ष्म-वित्त सहायता के माध्यम से उन्हें सशक्त करना है। श्रीमती स्वाति साहू महिला प्रकोष्ठ का नेतृत्व करेंगी और समाज की महिलाओं को सामाजिक तथा राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेंगी।

■ अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा संगठन में बढ़ी महिलाओं की भागीदारी

● सीएसवीटीयू एकीकृत राज्यस्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने टीम भावना से खेल खेला

# टेक्निकल व फॉर्मेसी के खिलाड़ियों ने कौशल और एकाग्रता से किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, दर्शकों की बटोरीं तालियां, हुए पुरस्कृत

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा आयोजित एकीकृत राज्यस्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता महिला एवं पुरुष वर्ग का आयोजन विश्वेश्वरैया भवन विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग परिसर में किया गया। इस रोमांचक प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक एवं फार्मेसी महाविद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। पूरे आयोजन में खेल भावना, अनुशासन और तकनीकी उत्कृष्टता का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रतियोगिता में विजेताओं गोल्ड और सिल्वर पदक से सम्मानित किया गया।



### ट्रायल से हुआ चयन

विश्वविद्यालय टीम चयन ट्रायल का आयोजन 12 नवंबर को किया गया, जिसमें चयनित खिलाड़ी सीएसवीटीयू विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व आगामी अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के खेल अधिकारी एवं प्रोफेसर इंचार्ज श्याम सिंह कंवर जीईसी बिलासपुर, रविकुमार जीईसी रायपुर, विनय कुमार सीसीईटी भिलाई, गजेन्द्र साहू आरसीईटी भिलाई, ओंकार जायसवाल एलसीआईटी बिलासपुर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और दर्शक उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश श्रीवास्तव, प्राचार्य, एलसीआईटी महाविद्यालय बिलासपुर रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि टेबल टेनिस एक ऐसा खेल है जो खिलाड़ी की एकाग्रता, त्वरित निर्णय क्षमता और मानसिक संतुलन को विकसित करता है। विश्वविद्यालय स्तर पर इस खेल को प्रोत्साहन देना विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के निदेशक डॉ. पंकज मिश्रा ने कहा कि इस तरह के आयोजन तकनीकी विद्यार्थियों में खेल भावना और अनुशासन को सुदृढ़ करते हैं। प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ यह टीम भावना और आत्मविश्वास का भी विकास करते हैं। विवि परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित सिंह राजपूत ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस बल्कि नेतृत्व क्षमता और संयम का भी प्रतीक है। आयोजक प्रभारी खेल अधिकारी शेषनारायण साहू, पर्यवेक्षक वरिष्ठ खेल अधिकारी कोंडल राव और चयनकर्ता टेबल टेनिस संघ कोटेश्वर राव और एम. रविराज सहित अंपायर और रेफरी के रूप में पी. एस. हरीश और अमन वर्मा ने निष्पक्ष निर्णायक की भूमिका निभाई।

### महिला वर्ग बनी विजेता



प्रतियोगिता के समापन सत्र में विश्वविद्यालय खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज ने महिला वर्ग विजेता आरसीईटी आर 1 भिलाई और उपविजेता जीईसी रायपुर तथा पुरूष वर्ग विजेता जीईसी बिलासपुर और उपविजेता जीईसी रायपुर टीमों के खिलाड़ियों को स्वर्ण एवं रजत पदक प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान किशोर कुमार भारद्वाज ने कहा कि टेबल टेनिस जैसे तेज और संतुलित खेल विद्यार्थियों में त्वरित सोच, निर्णय और शारीरिक समन्वय को मजबूत करते हैं। विश्वविद्यालय के खिलाड़ी आने वाले अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे, उन्होंने बेहतर खेल के लिए शुभकामनाएं दी।

### विश्वविद्यालय टेबल टेनिस टीम हेतु चयनित खिलाड़ी

**पुरूष वर्ग -** फरहान रजा खान आरसीपीएसआर आर1 भिलाई,डी.बी. विनायक जीईसी बिलासपुर, अंकित यादव जीईसी रायपुर,धवल वर्मा बीआईटी दुर्ग, वैभव कुमार देवांगन जीईसी बिलासपुर।

**महिला वर्ग -** नंदिता वर्मा बीआईटी दुर्ग, जी गौरी सीसीईटी भिलाई, रितिका कुमारी आरसीईटी आर1 भिलाई,आस्था शाह जीईसी रायपुर, पूजा कुमारी आरसीईटी आर1 भिलाई।



पारिवारिक मिलन समारोह

## सुमधुर गीतों ने बांधा शमां, गिटार वादन कर दिखाई प्रतिभा, किया गया सम्मान





**भिलाई।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया दुर्ग भिलाई इकाई का पारिवारिक दिवाली मिलन समारोह दुर्ग में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सदस्यों ने एक से बढ़कर एक मनोरंजक प्रस्तुतियां भी दीं। दुर्ग भिलाई इकाई के प्रेसिडेंट ऋषिकांत तिवारी चेयरमैन के. सुब्रमण्यम एवं सचिव सुबोध देवांगन ने बताया कि सभी सदस्यों ने एक दूसरे को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में शुभ मंगल और सुख समृद्धि की कामना व्यक्त की। उन्होंने बताया कि बाइकिंग ट्रैकिंग एवं अन्य रोमांचक गतिविधियों के अतिरिक्त इस तरह के पारिवारिक आयोजन हमें एक दूसरे से घनिष्ठता से जोड़ने का काम करते हैं। हम एक-दूसरे की रचनात्मक प्रतिभा से अवगत होते हैं। मेलजोल और अंतरंगता का जो पक्ष फील्ड एक्टिविटी में छूट जाता है; वह होली , दिवाली , नववर्ष और फाउंडेशन डे के ऐसे स्थानीय आयोजनों में पूरे होते हैं। इस आयोजन में दुर्ग भिलाई, भिलाई तीन, चरोदा और रायपुर से भी सदस्य शामिल हुए। संस्था के वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्य डॉ. कमल साहू एवं संजय साहू ने बताया कि आयोजन की शुरुआत में दुर्ग भिलाई इकाई के पूर्व चेयरमैन संतोष चकोले को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उसके बाद यूथ हॉस्टल्स के आयोजन में पहली बार शामिल हुए सुखबीर सिंह ब्रोका, सुरिन्दर कौर ब्रोका, पुरुषोत्तम निर्मलकर एवं भावना निर्मलकर का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विकास चौधरी, सुखबीर सिंह ब्रोका, पी. के. सिंह और रश्मि मेहता ने सुमधुर गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध कर झूमने विवश कर दिया। ओम तिवारी के गिटार वादन ने सभी सदस्यों को वशीभूत कर लिया। वरिष्ठ सदस्य इन्द्रजीत कौर एवं बलबीर कौर ने बताया कि संस्था के आजीवन सदस्य मुहम्मद जाकिर हुसैन को उनकी समग्र रचनात्मक उपलब्धियों के लिए यूथ हॉस्टल्स दुर्ग भिलाई इकाई द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजन में सुबोध देवांगन, पंकज मेहता, श्वेता तिवारी, अंशुल देवांगन, राजश्री श्रृंगारपुतले, कविता छाबड़ा, के. सिन्धु, के. स्तुति, बी. अरुंधति, राजेश मराठे, शिल्पा मराठे, सुलेखा साहू, ममता साहू, हरिशरणजीत कौर, प्रदीप साहू, इन्दुबाला साहू और साजिदा बेगम सहित अन्य सदस्य विशेष रुप से उपस्थित रहे।

दीपावली मिलन उत्सव का आयोजन

## धार्मिक और सांस्कृतिक एकता का दिया संदेश



**भिलाई।** नेहरू भवन, सुपेला में स्वामी समर्थ उपासना मंडल भिलाई-दुर्ग द्वारा दीपावली मिलन उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भोजराज सिन्हा ने कहा कि यह आयोजन समाजसेवा, संस्कृति और सनातन मूल्यों को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने संस्था के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अनुज नारद ने वर्तमान समय में सनातन को मजबूत करने की आवश्यकता विषय पर उद्बोधन दिया, जो उपस्थित जनों के लिए अत्यंत विचारोत्तेजक रहा। दीपावली मिलन में मराठी और हिंदी गीतों की प्रस्तुति, अतिथियों का स्वागत-सत्कार और स्नेह भोज का आयोजन हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ. अजय गोर्वधन, संस्था के सदस्यगण, श्रद्धालु और नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे।



कार्नर न्यूज

तहसील साहू संघ रिसाली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. कामता साहू ने कहा

## रिसाली मंडल साहू समाज को नई दिशा देकर विकास का कार्य करेंगे, जरुरतमंदों के लिए बनेगी कार्ययोजना

**भिलाई।** तहसील साहू संघ रिसाली के हाल ही में सम्पन्न हुए चुनाव में माँ कर्मा विकास पैनल ने सभी प्रमुख पदों पर शानदार जीत दर्ज कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। अध्यक्ष पद पर डॉ. कामता प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष महिला संध्या साहू, संगठन सचिव कौशल चौधरी और तारिणी साहू संगठन सचिव के पद पर निवार्चित हुए। निर्वाचन के बाद इन पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देने का सिलसिला चल रहा है। इस बीच नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. कामता प्रसाद साहू ने कहा कि मैं समाज की एकता, जागरूकता और विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। यह परिणाम अत्यंत प्रेरणादायक है। यह जीत साहू समाज की सामाजिक समरसता, विश्वास और लोकतांत्रिक शक्ति का प्रमाण है। पूरे चुनाव अभियान में समाज के सभी वर्गों खासकर वरिष्ठजनों, युवाओं, मातृशक्तियों और कर्मठ कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।हम सब मिलकर समाज के उत्थान, संगठन और सम्मान के लिए समर्पित रहेंगे। डॉ. साहू ने पैनल की ओर से सभी मतदाताओं, समर्थकों और कार्यकर्ताओं का हार्दिक आभार माना और कहा कि यह सफलता साहू समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करेगी।



### जल्द ही तहसील साहू संघ की बनेगी नई कार्यकारिणी

तहसील साहू संघ के निर्वाचित पदाधिकारियों के बाद उनकी नई कार्यकारिणी भी बनेगी। कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया शपथ ग्रहण के पूर्व की पूरी कर ली जाएगी। कार्यकारिणी और मनोनित पदों पर समाज के निष्ठावान व समर्पित कार्यकताओं को स्थान दिया जाना है। इसलिए इसके लिए मंथन का दौर भी शुरू हो गया है। निर्वाचन के बाद डॉ. साहू सहित निर्वाचित पदाधिकारियों को समाज के लोगों का शुभकामनाएं भी लगातार मिल रही है।



### महिला मतदाताओं ने जमकर किया मतदान

तहसील साहू संघ के चुनाव के दौरान सबसे ज्यादा उत्साहित महिला मतदाताओं में देखी गई। मतदान के लिए तीन बूथ बनाए गए थे। तीनों में सिलसिलेवार मतदान सुबह साढ़े 10 बजे से प्रारंभ हुआ जो शाम साढ़े 4 बजे तक चला। चुनाव अधिकारी पूर्व पदाधिकारी पूनाराम कलिहारी और सहायक चुनाव अधिकारी लखेंद्र कुमार साहू ने शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करवाई। डॉ. कामता प्रसाद साहू ने तत्कालीन अध्यक्ष संतोष कुमार साहू को पराजित किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के लिए छत्तीसगढ़ टीम घोषित



रायपुर। बीसीसीआई की ओर से सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी का आयोजन 26 नवंबर से लखनऊ में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने इस ट्रॉफी के लिए खिलाड़ियों का चयन कर सूची जारी कर दी है। जिसमें कप्तान अमनदीप खरे बीएसपी से होंगे। अन्य खिलाड़ियों में रायपुर से आयुष पांडेय, सान्निध्य हुरकत, प्रतीक यादव, गगनदीप सिंघ, आशीष चौहान, महासमुंद से शशांक चंद्राकर विकेट कीपर, बीएसपी से देवआदित्य सिंघ, प्रथम जाचक, दुर्ग से शशांक सिंह, राजनांदगांव से अजय मंडल, रायगढ़ से शुभम अग्रवाल, बिलासपुर से मयंक यादव, बस्तर से सौरभ मजुमदार, कोरिया से अमित कुमार यादव, भिलाई से मयंक वर्मा विकेट कीपर, संजीत देसाई, आनंद राव और पेशेवर खिलाड़ियों में आदित्य सरवटे व रवि किरण शामिल हैं। चैम्पियनशिप में सारे मुकाबले भारतरत्न श्रीअटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम लखनऊ में होंगे। जिसमें छत्तीसगढ़ टीम का मुकाबला विदर्भ से 26 नवंबर को, असम से 28 नवंबर को, केरल से 30 नवंबर को, ओडिशा से 2 दिसंबर को, आंध्र प्रदेश से 4 दिसंबर को, मुंबई से 6 दिसंबर को और रेलवे से 8 दिसंबर को होगा।

### राज्य बैडमिंटन स्पर्धा में तीसरे दौर के मुकाबलों में रोमांचक दौर



रायपुर। सब जूनियर राज्य बैडमिंटन स्पर्धा बालक 15 वर्ष आयु समूह के (क्वालीफाईंग राउंड) मुकाबले सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल रायपुर में जारी है। तीसरे दौर के परिणाम में सोहम अग्रवाल (रायपुर) ने हिमांशु रामचंदानी (रायपुर) को 15-7,7-15,15-13 ,धैर्य कुमार (दुर्ग) ने समर्थ पटेल (रायपुर) को 15-8,15-7, नक्ष निर्विकार सिंह (बिलासपुर) ने आदर्श पांडे (बालोद) को 15-2,15-3, हरसुल तरले (बीएसपी) ने मृत्युंजय सोनी (रायपुर) को 15-6,15-7,यश अहलावत (दुर्ग) ने गुलजार अल (बीएसपी) को 15-11,15-6,यथार्थ देवांगन (बस्तर) ने आरव सिंह परिहार (कोरबा) को 15-5,15-7,हृदयांश पटेल ((रायपुर) ने आरव कुमार (रायपुर) को 15-7,15-5,धीरज कुमार (दुर्ग) ने अभिनव सिंह ठाकुर (बालोद बाजार) को 15-6,15-9, दर्श मलिक (रायपुर) ने आयुष दिल्लीवार (बीएसपी) को 15-7,13,15,15-3, हर्ष देशपांडे (रायपुर) ने अविक पोरवाल (रायपुर) को 15-6,15-5, समर्थ वर्मा (रायपुर) ने अनुराग सुब्बा गुप्ता (बीएसपी) को 8-15,15-10,15-7, आर्यदेव सिंह ठाकुर (बिलासपुर) ने समर्थ सचदेव (रायपुर) को 15-12,15-12,शौर्य परमार (दुर्ग) ने वेदांत लिचड़े (राजनांदगांव) को 13-15, 15-6,15-6, भूपेन्द्र सिदार (रायगढ़) ने कुशाग्र वर्मा (बालोद बाजार) को 15-11,15-12, कृषव भटनागर (रायपुर) ने मानविक साहू (बिलासपुर) को 15-10,15-4, ऋषित कोचर (रायपुर) ने अयान मेहरा (बस्तर) को 15-11,15-13, तक्ष घोंगाडे (रायपुर) ने स्वराज साहू (बालोद बाजार) को 15-11,15-11, अभिमन्यु सिंह (रायपुर) मेंवे दांत सिंह (दुर्ग) को 15-9,15-10, आर्यन रजक (बिलासपुर) ने सभ्य कुमार ध्रुव (दुर्ग) को 15-6,15-8, हर्ष वैष्णव (राजनांदगांव) ने कविन शुक्ला (यूनिन क्लब) को 15-10,15-13,राघव तिवारी (रायपुर) ने आरुष साहा (दुर्ग) को 15-10,15-11,हर्षित कुमार (रायगढ़) ने कृष्णा त्रिपथ (बालोद बाजार) को 15-7, हराया।

### रिंग फाइट के लिए खिलाड़ी जमकर कर रहे अभ्यास



रायपुर। छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन की टीम पश्चिम बंगाल में होने वाले नेशनल चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए जमकर अभ्यास कर रही है। बीते दिनों सात दिवसीय कैंप के बाद अब हर शनिवार और रविवार को संत ज्ञानेश्वर स्कूल में स्पेशल ट्रेनिंग कैंप लगाया जा रहा है। इसमें सुबह सात बजे संत ज्ञानेश्वर स्कूल के मैदान पर खिलाड़ियों ने जमकर अभ्यास किया। छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन की उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने बताया कि सचिव ओपी कटारिया और स्कूल की स्पोर्ट्स शिक्षिका ज्योति साहू खिलाड़ियों को लगातार प्रशिक्षण दे रही है। 31 अक्टूबर, एक और दो नवंबर के बाद आठ व नौ नवंबर को भी संत ज्ञानेश्वर स्कूल खेल मैदान में खिलाड़ियों को सतत प्रशिक्षण देकर तकनीकी रूप से सशक्त बनाया गया। रिंग फाइट खिलाडियों को यह प्रशिक्षण आगामी शनिवार-रविवार को भी दिया जाएगा। नौवीं नेशनल रिंग फाइट चैम्पियनशिप 12 से 14 दिसंबर को पश्चिम बंगाल में खेली जाएगी।

### मानसिक स्वास्थ्य का सीधा असर आपके पाचनतंत्र पर, ध्यान रखना जरूरी

# रोजमर्रा की भागदौड़ में ज्यादा तनाव बिगाड़ रहा आपका हाजमा, वक्त रहते हो जाएं सचेत

स्ट्रेस यानी तनाव होना मानसिक स्वास्थ्य की समस्या मानी जाती है। काम के दबाव और पारिवारिक-सामाजिक स्थितियों के कारण तनाव होना सामान्य है, पर अगर ये दिक्कत आपको लंबे समय तक बनी रहती है तो सावधान हो जाने की आवश्यकता है। स्ट्रेस की समस्या पर ध्यान न देना दीर्घकालिक तौर पर डिप्रेशन जैसी गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। स्ट्रेस की स्थिति में ब्लड प्रेशर बढ़ने से लेकर, घबराहट, पसीना आने जैसी समस्या होना सामान्य है, पर क्या आप जानते हैं कि ये पाचन विकारों का भी कारण बन सकती है?

यह आश्चर्यजनक हो सकता है पर स्ट्रेस लेने या मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण आपको पाचन से संबंधित लक्षण हो सकते हैं। इस तरह के लक्षण अक्सर पेट दर्द, कब्ज से संबंधित होते हैं जिनको लेकर आप कंफ्यूज हो सकते हैं।



#### स्ट्रेस और पाचन की समस्या

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, स्ट्रेस सिर्फ मानसिक स्वास्थ्य समस्या ही नहीं, शरीर में और भी कई प्रकार की दिक्कतों को बढ़ाने वाली हो सकती है। तनाव की स्थिति हमारी आंत में बैक्टीरिया के संतुलन को प्रभावित करने लगती है जिससे पेट खराब हो सकता है। लंबे समय से तनाव और चिंता का अनुभव करने वाले लोगों में पेट की खराबी, दर्द, कब्ज, आंतों से संबधित विकारों के बढ़ने का भी खतरा रहता है। इसके लक्षणों पर ध्यान दिया जाना जरूरी है।

#### दस्त और अपच बने रहना



अगर आप भी अक्सर तनाव का शिकार रहते हैं तो ये पाचन विकारों जैसे दस्त और अपच के साथ कब्जियत का कारण बन सकती है। स्ट्रेस वाले हार्मोन बड़ी आंत में मोटर फंक्शन को तेज कर देते हैं जिससे इस तरह की दिक्कतों का जोखिम रहता है। इसके अलावा आपको मितली की भी दिक्कत बनी रहती है। आमतौर पर ये दिक्कतें पाचन के अन्य रोगों के कारण होती हैं, इसलिए आप इससे कंफ्यूज हो सकते हैं।

#### मूत्राशय का अतिसक्रिय होना

तनाव हार्मोन के स्राव के कारण आपको बार-बार पेशाब करने की इच्छा हो सकती है या रात में पेशाब के लिए अधिक बार जागना पड़ सकता है। पेशाब के इस तरह की दिक्कतें डायबिटीज की स्थिति में भी होती रहती



हैं, ऐसे में इससे कंफ्यूज न हों। स्ट्रेस के कंट्रोल होते ही ये समस्याएं भी ठीक होने लग जाती हैं।

#### पेट में ऐंठन और दर्द

पेट में ऐंठन और दर्द की दिक्कत होना भी सामान्य तनाव प्रतिक्रिया है। स्ट्रेस हार्मोन के कारण हार्मोन्स का संतुलन बिगड़ने लगता है जिसके कारण सूजन, दर्द और कब्ज होता है। स्ट्रेस की समस्या को कंट्रोल करना जरूरी माना जाता है, अगर इसपर ध्यान न दिया जाए तो इसके कारण आपकी शारीरिक स्वास्थ्य जटिलताओं के और भी बढ़ने का खतरा हो सकता है।

## राष्ट्रीय नौकायन में छत्तीसगढ़ को 12 पदक दिलाने वाली बेटी को सराहा उपमुख्यमंत्री ने



रायपुर। पहली राष्ट्रीय आदिवासी कायाकिंग एंड कैनोइंग चैंपियनशिप में 12 ब्रोंज मेडल हासिल करने वाली बस्तर की बेटी मनमती बघेल की उपलब्धि को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने सराहा। उल्लेखनीय है कि हैदराबाद के हुसैन सागर झील में 28 से 31 अक्टूबर तक चली चैम्पियनशिप में जूनियर और सीनियर श्रेणी की महिला एवं पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़ कायाकिंग एंड कैनोइंग के खिलाड़ियों ने 2 सिल्वर और 16 ब्रोंज मेडल सहित कुल 18 पदक मिले थे। जिसमें मनमती बघेल ने कुल 12 ब्रोंज मेडल हासिल किए। इस उपलब्धि के साथ सुश्री बघेल ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात की। उनके साथ, कांस्य पदक विजेता सुमित कुरेती एवं पिंकी साहू कोच भी थे। सभी ने अपनी उपलब्धि से मंत्री साव को अवगत कराया। उनके साथ ही बलदेव सिंह भाटिया अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ ने मंत्री साव को बताया कि कायाकिंग एंड कैनोइंग खेल ओलंपिक खेल हे इस खेल के खिलाड़ी हर साल राज्य को पदक दिला रहे है। अभी आयोजित प्रतियोगिता में बस्तर के खिलाड़ियो ने राज्य का मान बढ़ाया है वंहा के खिलाड़ियो में बहुत क्षमता है जरूरत है उन्हें सुविधाएं देने की। जिस पर उपमुख्यमंत्री साव ने अपनी सहमति जताते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके साथ ही बलदेव सिंह भाटिया अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ ने रजत पदक विजेता को 3100 रुपए, कांस्य पदक विजेता को 2100 रुपए एवम मनमती बघेल को 10000 रुपए का पुरस्कार घोषित किया। इस अवसर पर प्रशांत सिंह रघुवंशी सहसचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ ने खिलाड़ियो को हो रही परेशानी से उपमुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए बताया कि बूढ़ा तालाब पर सुरक्षा का अभाव है जिस कारण खिलाड़ी परेशान हो रहे है और खेल सामग्री खराब हो रही हैं। उपमुख्यमंत्री साव ने इस परेशानी का निवारण तुरंत करने का आश्वासन देते हुए अपनी शुभकामनाएं सभी खिलाड़ी को दी।

■ बूढ़ा तालाब में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया खिलाड़ियों ने

## एक जैसी इडली खाकर हो गए हैं बोर तो ट्राई करें इसका हैदराबादी स्टाइल



हैदराबादी स्टाइल इडली काफी ज्यादा मसालेदार, कुरकुरी और स्वादिष्ट होती है। इसे आप अपने घर पर सुबह के नाश्ते में गर्मागर्म बनाकर चटनी के साथ सर्व कर सकते हैं। हैदराबादी स्टाइल में इडली बनाने के लिए सबसे पहले पोहे को एक जार में डालकर इसका महीन पाउडर बना लें। अब इसमें चावल और उड़द दाल के आटे को अच्छे से मिला लें। इसका बैटर बनाने के लिए 1 टीस्पून नमक, दही और पानी डालें। इसे कुछ मिनट के लिए ऐसे ही रहने दें।

तब तक पोड़ी मसाला तैयार करें। एक पैन में एक चम्मच तेल गर्म करके उसमें चना दाल और उड़द दाल को पीस लें। जब ये सुनहरा होने लगे तो इसमें तिल और साबुत लाल मिर्च डालें। गैस बंद करने के बाद इसनें हींग डालें।

इडली के बैटर को इंस्टेंट तैयार करने के लिए इसमें फ्रूट सॉल्ट मिलाएं। इसके बाद अब 2-3 टेबलस्पून तेल के साथ स्टोव पर एक फ्लैट पैन या तवा गरम करें। इस पर कटे हुए प्याज, करी पत्ता और हरी मिर्च को सुनहरा होने तक भूनें। जब ये सुनहरा हो जाए तो इसमे कटे हुए टमाटर डालें। इसमें दो चम्मच पोड़ी मसाला मिलाएं। अब अब इस मसाले को चार भागों में बांट लें।

मसाला के प्रत्येक ब्लॉक के ऊपर एक स्कूप इडली बैटर डालें। अब इसे लिड के ढक कर बंद कर दें और फूलने तक इंतजार करें। इसे आपको चार से पांच मिनट तक पकाना है। ऐसे ही इसे पलट कर दूसरी तरफ से भी सेकें। आप इसे अपने हिसाब से कुरकुरा बना सकते हैं। धनिया के साथ इसे सजाकर गर्मागर्म ही चटनी के साथ परोसें।



## छत्तीसगढ़ में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की तैयारी शुरू, किया स्थल निरीक्षण

रायपुर। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), नई दिल्ली से खेलो इंडिया इवेंट्स की निदेशक के नेतृत्व में रायपुर एवं बस्तर में उपलब्ध खेल अधोसंरचनाओं का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि आगामी खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की मेजबानी छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में 'साई' के अधिकारियों की एक टीम ने दो दिवसीय प्रवास के दौरान रायपुर और जगदलपुर (बस्तर) में संभावित स्थलों का निरीक्षण किया।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में दिल्ली से आए निरीक्षण दल ने खेल मैदानों के लिए दो शहरों रायपुर एवं बस्तर मुख्यालय जगदलपुर को चिह्नित किया है। भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय की 'खेलो इंडिया योजना' के तहत यह नई पहल आदिवासी युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगी। यह आयोजन जनजातीय गौरव वर्ष (15 नवम्बर 2024 से 15 नवम्बर 2025) के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य



खेलों के माध्यम से आदिवासी समुदायों की संस्कृति, परंपरा और सशक्तिकरण को राष्ट्रीय पहचान दिलाना है।

'साई' टीम का नेतृत्व ममता ओझा, निदेशक, खेलो इंडिया इवेंट्स ने किया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक तनुजा सलाम ने विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर 'साई' की टीम को विभिन्न खेल अधोसंरचनाओं का अवलोकन कराया तथा वहां की सुविधाओं, लॉजिस्टिक व्यवस्थाओं, आयोजन की तैयारियों और आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया।

पहला दौरा 11 नवंबर को रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें रेसलिंग, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, स्विमिंग और कबड्डी जैसे खेलों के लिए इनडोर स्टेडियम, आउटडोर स्टेडियम, पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय, हॉकी स्टेडियम (पिच-1 और 2), स्विमिंग पूल, साइंस कॉलेज तथा सीएसईबी ग्राउंड का निरीक्षण किया गया। इन स्थलों की उपयुक्तता पर सकारात्मक राय व्यक्त की गई।

इसके अलावा बुधवार को बस्तर में एथलेटिक्स, आर्चरी और मल्लखंब (डेमो खेल) की प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु जगदलपुर, जिला बस्तर के धरमपुरा खेल परिसर और इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम को चिन्हित किया गया तथा आयोजन हेतु प्रारंभिक सहमति बनी। 'साई' से उपस्थित अधिकारी श्रीनिवास मालेकर, उप निदेशक, खेलो इंडिया, गोपाल कंडपाल, कनिष्ठ सलाहकार, खेलो इंडिया, 'साई', आदित्य ब्रह्मे, सलाहकार, 'साई' पीएमयू, छत्तीसगढ़ राज्य टीम में शामिल अधिकारी तनुजा सलाम, संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग,गिरीश शुक्ला, खेल अधिकारी, टी. एन. रेड्डी, वरिष्ठ प्रशिक्षक, विवेक भट्टाचार्य, सलाहकार (पीएमयू) शामिल थे।



कार्नर न्यूज

### त्यौहारो और शादियों के मौके पर उपहार का चयन करें सावधानी से

# त्योहारों-शादियों के मौके पर अपने खास लोगों को दें ऐसे गिफ्ट्स, याद रहेंगे हमेशा

अभी दीवाली बीती है लेकिन दूसरे त्यौहारो-शादियों का सिलसिला चल पड़ा है। इस मौके पर आपस में गिफ्ट्स एक्सचेंज हम सभी करते हैं। हालांकि इसके लिए आपको ऑनलाइन से लेकर ऑफ़लाइन स्टोर्स में कई तरह के प्रोडक्ट्स के कॉम्बो और हैंपर आसानी से मिल जाएंगे। बता दें कि तोहफे में आप अब ब्यूटी प्रोडक्ट्स को भी अपने खास लोगों को दें सकती हैं। तो आपको कुछ ऐसे कॉम्बो के बारे में जानना चाहिए जिन्हें आप इन त्योहारों या किसी खास मौक पर अपने प्रियजनों को गिफ्ट कर सकती हैं।

#### इकोनिक प्रोफेशनल हेयर स्ट्रैटनर

अगर आप इलेक्ट्रॉनिक चीज गिफ्ट में देना चाहती हैं तो इकोनिक प्रोफेशनल का स्ट्रैटनर दे सकती हैं। इसमें आपको अपने बजट और डिमांड के हिसाब से कई अन्य डिजाइंस और वैरायटी देखने को आसानी से मिल जाएगी। आप चाहे तो स्ट्रैटनर के अलावा कोई स्टाइलिंग टूल भी गिफ्ट कर सकती हैं।



#### स्किन केयर किट

स्किन केयर किट में आपको कुल 4 मिल जाएंगे। इसमें लिप बाम, फेस पैक, बॉडी मॉइस्चराइजर और फेस वॉश आपको मिल जाएगा। बता दें कि इस स्किन केयर किट की रेंज लगभग 2000 1000 रुपये हो सकती है। वहीं आने वाले सीजन यानी सर्दियों के लिए यह बेस्ट ऑप्शन रहेगा।

#### कलर बार मेकअप किट

कलर बार ब्रांड में आपको गिफ्ट करने के लिए कई तरीके के मिक्स किए हुए ब्यूटी प्रोडक्ट्स के कॉम्बो और हैंपर भी मिल जाएंगे। बता दें कि इनमें आपको अपने बजट के हिसाब से कई अन्य वैरायटी भी देखने को मिल जाएगी।

#### स्किन केयर किट

हेम्प लैब स्किन केयर किट में आपको कुल 5 प्रोडक्ट्स मिल जाएंगे। इसमें आपको फेस वॉश, सीरम, मॉइस्चराइजर, फेस स्क्रब और फेस ऑयल मिल जाएंगे। अगर आप एक्सपेंसिव गिफ्ट देने का सोच रहे हैं तो यह आप्शन बेस्ट रहेगा। मेकअप में आई मेकअप का रोल अहम होता है और इसके लिए हम आई शैडो इस्तेमाल करते हैं। बता दें कि कलर बार में आपको इस तरह की कई वैरायटी की और आपने बजट के अनुसार कई तरीके की पैलेट्स आसानी से मिल जाएगा।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 99 वर्ष की उम्र में जीता डेटाइम एमी पुरस्कार 'जनरल हॉस्पिटल' ने हासिल किए सात अवॉर्ड



डेटाइम एमी अवॉर्ड्स 2025 में डेविड एटनबरो ने 99 वर्ष की उम्र में अवॉर्ड जीतने का रिकॉर्ड कायम किया है। वहीं जनरल हॉस्पिटल शो ने सबसे ज्यादा पुरस्कार हासिल किए। कैलिफोर्निया के पासाडेना में डेटाइम एमी अवॉर्ड्स का आयोजन किया गया। इस समारोह में कई अमेरिकी अभिनेताओं और फिल्मों को पुरस्कार से नवाजा गया। इस कड़ी में डेविड एटनबरो ने 99 वर्ष की उम्र में सबसे उम्रदराज सेलेब के रूप में डेटाइम एमी विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं 'जनरल हॉस्पिटल' शो ने सबसे ज्यादा पुरस्कार जीतकर सभी को हैरान कर दिया। सर डेविड एटनबरो ने 99 साल की उम्र में सबसे उम्रदराज शख्स के रूप में डेटाइम एमी विजेता का पुरस्कार जीता। डेविड एटनबरो इस कार्यक्रम में मौजूद नहीं थे। आपको बताते चलें कि एटनबरो लेखक, होस्ट और मोटिवेटर और एक ब्रिटिश पत्रकार के रूप में आठ दशकों से सक्रिय हैं। एटनबरो ने डिक वैन डाइक का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्हें 98 साल की उम्र में नेटफ्लिक्स के ₹सीक्रेट लाइव्स ऑफ ऑरंगुटान्स₹ में भूमिका निभाने के लिए पुरस्कार मिला था। 'जनरल हॉस्पिटल' ने प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ डेटाइम ड्रामा सीरीज का पुरस्कार जीता, तथा सात ट्रॉफियों के साथ सबसे अधिक पुरस्कार जीते, जिनमें सर्वश्रेष्ठ ड्रामा अभिनेत्री (नैन्सी ली ग्राहन), सर्वश्रेष्ठ सहायक ड्रामा अभिनेता (जोनाथन जैक्सन) और डेटाइम ड्रामा लेखन आदि शामिल हैं। डेटाइम एमी 2025 विजेताओं में सर्वश्रेष्ठ ड्रामा सीरीज- जनरल हॉस्पिटल, सर्वश्रेष्ठ टॉक सीरीज- लाइव विद केली एंड मार्क, सर्वश्रेष्ठ ड्रामा अभिनेत्री- नैन्सी ली ग्राहन - (जनरल हॉस्पिटल), सर्वश्रेष्ठ ड्रामा अभिनेता- पॉल टेल्फर जेंडर (डेज ऑफ आवर लाइव्स), सर्वश्रेष्ठ ड्रामा सहायक अभिनेता- जोनाथन जैक्सन (जनरल हॉस्पिटल) और सर्वश्रेष्ठ ड्रामा निर्देशन टीम- जनरल हॉस्पिटल शामिल हैं।

### टॉलीवुड

## विजय के बेटे जेसन की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म के टाइटल का हुआ एलान



साउथ अभिनेता थलपति विजय के बेटे जेसन संजय निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उनकी पहली फिल्म के शीर्षक का एलान हो चुका है। इसकी जानकारी अभिनेता संदिप किशन ने दी है। लाइका प्रोडक्शन हाउस के तहत निर्माण हो रही जेसन संजय द्वारा निर्देशित डेब्यू फिल्म का शीर्षक 'सिग्मा' है। इस फिल्म में संदीप किशन मुख्य भूमिका में हैं। अभिनेता का पहला लुक भी सामने आ गया है। पोस्टर में एक्टर संदीप को सोने की ईंटों और पैसों के ढेर पर बैठे हुए दिखाया गया है। साथ ही वह अपने हाथ पर लगे घाव पर पट्टी बांधते दिख रहे हैं। अभिनेता संदीप किशन ने अपने एक्स अकाउंट पर इस टाइटल अनाउंसमेंट पोस्टर को साझा किया है। एक्टर ने शीर्षक के अर्थ को समझाया है। उन्होंने ट्वीट किया, 'जेसन संजय के निर्देशन की पहली फिल्म 'सिग्मा'। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है। जब आप खुद पर कभी हार नहीं मानते, खासकर इस अन्यायपूर्ण दुनिया में, तो आप एक सिग्मा हैं। जेसन संजय आपको शानदार अनुभव देंगे।' फिल्म 'सिग्मा' को लाइका प्रोडक्शंस का समर्थन प्राप्त है। यह एक्शन-एडवेंचर-कॉमेडी फिल्म है, जो छिपे हुए खजाने का पता लगाने का काम करेगी। फिल्म में संदीप किशन के अलावा फारिया अब्दुल्ला, राजू सुंदरम, अंबू थासन, योग जपी, संपत राज, किरण कोंडा और मगालक्ष्मी सुधारसनन मुख्य भूमिकाओं में हैं।

### भोजपुरी

## बैकलेस ब्लू ड्रेस में मोनालिसा ने फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर



भोजपुरी सिनेमा से टीवी की दुनिया में नाम कमाने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा सोशल मीडिया क्वीन भी बन चुकी हैं। हर दिन एक्ट्रेस फैंस के साथ अपने नए लुक की फोटोज शेयर करती हैं। जो अपलोड होते ही वायरल होने लगती है। मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट से कई सारी ब्यूटीफुल फोटोज अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में मोनालिसा का ग्लैमरस लुक देखने को मिला। एक्ट्रेस ने ब्लू कलर की बैकलेस ड्रेस पहनी हुई है। मोनालिसा ने इस ड्रेस बेबाकी से अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया। एक्ट्रेस की ये अदाएं फैंस को दीवाना बना रही हैं।एक्ट्रेस ने अपना लुक लाइट मेकअप, बालों में हाफ पोनीटेल और व्हाइट शूज के साथ कंपलीट किया है। मोनालिसा ने फोटोज को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'लाइफ के लिए पोजर।।।' इसके साथ एक्ट्रेस ने नजर की कई इमोजी भी बनाई।एक्ट्रेस की तस्वीरों पर सिर्फ एक घंटे में ही हजारों लाइक्स आ चुके हैं। कमेंट सेक्शन में यूजर्स उन्हें बिग बॉस क्वीन भी कहते दिखे।बता दें कि मोनालिसा ने अपना करियर भोजपुरी सिनेमा से शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने टीवी में कदम रखा और यहां भी अपनी एक्टिंग से छा गई।

लाइफ स्टाइल

### कॉर्सेट की वापसी

डिज़ाइनर कॉर्सेट फिर एक बार तेज़ी से लोकप्रिय हो रहे हैं क्योंकि दुल्हनें इन्हें बेहद दिलचस्पी के साथ अपना रही हैं। ये कॉर्सेट आरामदायक होने के साथ-साथ बॉडी के कर्व्स को भी उभारती हैं। विस्तृत कढ़ाई, मोतियों की सजावट या लेस वाली कॉर्सेट डिज़ाइनर लहंगों, ड्रेसों और यहाँ तक कि साड़ी के ब्लाउज़ में भी मुख्य आकर्षण बन रही हैं। यह ब्राइडल ट्रेंड शीयर कटआउट या अलग होने वाली स्लीव्स जैसे नए ट्विस्ट के साथ विंटेज ग्लैमर को वापस लाता है। इस तरह के ट्रेंडिंग वेडिंग आउटफिट उन दुल्हनों के लिए बिल्कुल सही हैं जो आधुनिक स्पर्श के साथ बीते दौर का स्टाइल पसंद करती हैं।



## मोजों के भी होते हैं कई स्टाइल, अपने लिए चुनिए बेस्ट वाला



फैशन के इस दौर में मोजों की स्टाइलिंग पर भी थोड़ा सोचना-समझना पड़ता है। आप भी मोजों को लेकर अक्सर कंफ्यूज रहते हैं तो इनसे जुड़ी थोड़ी जानकारी जुटा लीजिए। जान लीजिए कि मोजे भी बस कुछ नहीं बल्कि कई तरह के आते हैं। मोजों के इन टाइप को जानकार आप अपने लिए सही और आरामदायक मोजों का चुनाव कर पाएंगे-

**कंप्रेशन सॉक्स :** ये मोजे हेल्थ के नजरिए से बेस्ट हैं। इन मोजों में कंप्रेशन थेरेपी का इस्तेमाल होता है। इसमें एंकल और पैरों पर हल्का दबाव पड़ता रहता है। इनसे ब्लड फ्लो भी मेनटेन होता है। पैरों में दर्द आदि से भी छुटकारा मिलता है। इन मोजों को किसी भी दूसरे मोजे की तरह ही आप पहन सकते हैं। लेकिन ध्यान रहे कि इसे ऊपर से फोल्ड बिल्कुल ना करें। इससे पैर टाइट हो जाएगा, जिससे पैरों में दर्द भी हो सकता है। अगर आपके पैरों में दिक्कत ज्यादा है तो इन मोजों को पहनने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर ले लें।

**एंकल सॉक्स :** एंकल सॉक्स उनके लिए बेहतरीन हैं, जो मोजे पहनना तो चाहते हैं लेकिन इसको दिखाना बिल्कुल नहीं चाहते हैं। ये मोजे उन लोगों के लिए भी अच्छे हैं जो मोजे पहनना तो मैचिंग चाहते हैं लेकिन मैचिंग मोजे समय पर उन्हें कभी नहीं मिलते हैं। मतलब आपको रंगों के कॉर्डिनेशन की चिंता बिल्कुल नहीं करनी है। ये मोजे अक्सर तरह-तरह के प्रिंट में बाजार में मिल जाते हैं। कोशिश करें इन मोजों को जींस के साथ ही पहनें।

**ड्रेस सॉक्स :** मीटिंग के लिए ये मोजे बेस्ट रहते हैं। दरअसल ये मोजे पिंडली (calf) के पास तक जाते हैं। जिससे सूट की क्रीज मेनटेन रहती है। इन मोजों के रंग सूट से मैचिंग के चुनें और जूते भी फॉर्मल ही पहनें। मोजों के रंग फॉर्मल जैसे ब्राउन, ब्लू या ब्लैक में हीं लें।

**क्रू सॉक्स :** ये मोजे अक्सर बाहर रहने वालों के लिए अच्छे रहते हैं। इन मोजों से पैरों को आराम मिलता है क्योंकि इनसे पिंडलियों को काफी सपोर्ट मिलता रहता है। ये मोजे स्पोर्ट्स से जुड़ी एक्टिविटी के लिए अच्छे रहते हैं। इनको स्नीकर्स या रनिंग शूज के साथ ही मैच करें।

**ताबी सॉक्स :**ताबी सॉक्स में अंगूठा अलग से होता है इसलिए इनको स्लीपर्स के साथ पहनना आसान होता है। सर्दी के मौसम में जब आप हमेशा मोजे पहने रहेंगे तब ये मोजे ही काम आएंगे

## जींस में स्टाइलिश दिखने ट्राई करें ये हैक्स, मिलेगा डिफरेंट लुक





जींस स्टाइल करना हर लड़की को पसंद होता है। इसलिए वो अक्सर कैजुअल लुक के लिए इसे स्टाइल करती है। लेकिन अगर आप इसी जींस में अपने लुक को स्टाइलिश बनाना चाहती हैं तो यहां बताए गए हैक्स आपके काफी काम आएंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि इन्हें ट्राई करके आप कम्फर्टेबल भी रहेंगी। साथ ही स्टाइलिश भी नजर आएगी। चलिए जानते हैं उन हैक्स के बारे में जिन्हें आप ट्राई कर सकती हैं और लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।

### ओवर साइज जींस करें स्टाइल



आप अगर फिटिंग जींस पहनती हैं तो इसके साथ ज्यादातर लड़कियां क्रॉप टॉप पहनना पसंद करती हैं। ऐसे में आप कुछ नया ट्राई करें। ओवर साइज जींस वियर करें जिसके साथ आप हर तरह की टी-शर्ट या टॉप को वियर कर सकती हैं। इसे स्टाइल करने से आपका लुक परफेक्ट लगेगा। साथ ही आप स्टाइलिश जर आएंगी। इसमें आपको अलग-अलग तरह के जींस ऑप्शन मिल जाएंगे। जैसे डबल शेड जींस, रफल जींस या फिर फेडेड जींस।

### स्टाइलिश फुटवियर को जींस के साथ करें वियर

आप कोई भी आउटफिट वियर करते हैं तो इसके साथ आपको फुटवियर जरूर पहनने चाहिए। इन्हें वियर करने से आपका लुक परफेक्ट (स्टाइलिश टॉप) लगता है। इसके लिए आप जींस के साथ हाई हील्स, बूट्स या फिर लेटेस्ट डिजाइन वाले स्नीकर्स को वियर कर सकती हैं। इससे भी आपका लुक जींस में परफेक्ट लगेगा।

अक्सर हम जब भी जींस वियर करते हैं तो इसमें हर बार अलग-अलग कलर को चूज करते हैं। ऐसा इसलिए करते है ताकि हमारे पास टॉप (हार्ट वेस्ट जींस स्टाइल) के साथ शेड मैचिंग करने के लिए जींस हो। इसका फर्क आपकी हाइट पर भी पड़ता है। अगर आप लंबी हैं और डार्क कलर जींस पहन रही हैं तो उसमें आपकी हाइट और ज्यादा लंबी नजर आएगी।

## ऑर्गेंजा साड़ी में स्लिम दिखने के लिए टिप्स को करें फॉलो

आजकल लड़कियों को सबसे ज्यादा परेशानी ऑर्गेंजा साड़ी पहनने के दौरान होती है। क्योंकि वो पहले से ही फूली हुई होती है और सही तरीके से नहीं बांधी जाए तो लुक खराब कर देती है। ऐसे में आपको जानना चाहिए कि कैसे आप इसे ड्रेप कर सकती हैं ताकि मोटी नहीं बल्कि पतली नजर आएं।

### प्लेन वी नेक ब्लाउज को करें स्टाइल

इस साड़ी में स्लिम दिखने के लिए सबसे पहले आपको ब्लाउज के डिजाइन का ध्यान रखना है। क्योंकि अगर आप किसी भी डिजाइन का हैवी ब्लाउज सिलवाएंगी तो साड़ी का लुक अच्छा नहीं लगेगा। ऐसे में आप प्लेन कपड़े का वी नेक ब्लाउज डिजाइन कराएं और इस साड़ी के साथ वियर करें। इसकी बाजू आपको कैसी रखनी है ये आपकी पसंद के ऊपर निर्भर करता है।

### ब्रॉड प्लीट्स बनाएं

अगर आप साड़ी की प्लीट को छोटा-छोटा बनाएंगी तो आप मोटी नजर आएगी। इससे अच्छा है आप प्लीट को बड़ा-बड़ा (पल्लू के प्लीट्स बनाते समय जरूरी बातें) बनाएं। इससे आप स्लिम नजर आएगी। इसके अलावा आप हिप्स के पास भी प्लीट न बनाएं बल्कि उसे आप प्लेन ही रखें। इससे आप पतली नजर आएगी।



## आंखों के नीचे पड़े काले घेरों को हल्का करने के लिए ये उपाय

तनाव से लेकर नींद की कमी के कारण आंखों के नीचे काले घेरे हो जाते हैं। इस समस्या से राहत पाने के लिए आप एलोवेरा जेल और कच्चे दूध जैसी चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। आंखों की खूबसूरती के क्या कहने। यूं नहीं इन आंखों पर लोगों का दिल आ जाता है। इतना ही नहीं, आंखों की सुंदरता पर तो गाने भी बन चुके हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि यह आंखें वह सब कुछ बता देती हैं, जो बातें जुबान नहीं कह पाती हैं। क्या बादाम के तेल के उपयोग से डार्क सर्कल्स हल्के हो सकते हैं? बादाम का तेल बालों और त्वचा के लिए फायदेमंद होता है। इस तेल में कई आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो स्किन के लिए फायदेमंद है। आंखों के नीचे पड़े काले घेरों को हल्का करने के लिए आप बादाम के तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। बादाम के तेल में विटामिन ई और के पाए जाते हैं। डार्क सर्कल्स की समस्या को कम करने के लिए इस तरह करें इस तेल का इस्तेमाल-

बराबर मात्रा में बादाम के तेल में विटामिन ई मिलाएं। रात को सोने से पहले आंखों के नीचे बादाम का तेल लगाएं। फिंगर टिप की मदद से मसाज करें। रोजाना



आंखों के नीचे इस तरह से बादाम का तेल लगाने से डार्क सर्कल्स हल्के हो जाएंगे। (डार्क स्पॉट्स को हल्का कैसे करें)

### डार्क सर्कल्स को हल्का कैसे करें?

अगर आपके भी आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो गए हैं, तो आप बाजार से महंगी आई क्रीम खरीदने के बजाय किचन में मौजूद कुछ चीजों का उपयोग करके इस समस्या से छुटकारा पा सकती हैं। त्वचा पर टमाटर का इस्तेमाल किया जाता है। डार्क सर्कल्स को हल्का करने के लिए इस तरह करें टमाटर का उपयोग

टमाटर को मिक्सी में पीस लें। अब इसमें दो बूंद नींबू के रस की मिलाएं।

कार्नर न्यूज

### अपने स्टाइल को खराब करने से अच्छा होगा कि इन भ्रमों को पहचान लें

## मेंस फैशन में स्टाइल से बहुत से भ्रम दुनिया भर में मानते हैं लोग, इनको पहचान लीजिए

लेटेस्ट ट्रेंड में बने रहने के लिए आप हर फैशन ब्लॉग खंगालते हैं। साथ में फैशन मैगजीन और ट्रेंड से जुड़े पॉडकास्ट भी। तो आप सच में फैशन फ्रीक हैं। अब अगर आपको फैशन फ्रीक कहा जा रहा है तो ये भी जान लीजिए कि पुरुषों की स्टाइल से जुड़े भ्रम भी बहुत से हैं।

मतलब इन्हें माना जाता है कि ये आपकी स्टाइल को सूट करते हैं। लेकिन ये आपका भ्रम है। पुरुषों की स्टाइल से जुड़े भ्रम आपकी लुक पर की गई मेहनत को मानो जीरो ही कर देते हैं। लेकिन आप इनको अपने लुक पर आजमाए जा रहे हैं, सोच रहे हैं कि आप बेस्ट लगेंगे। मगर आप गलत हैं। अब और ज्यादा अपने स्टाइल को खराब करने से अच्छा होगा कि आप पुरुषों की स्टाइल से जुड़े भ्रमों को पहचान लें।

आपको हमेशा ट्रेंड में रहना होगा

नहीं, ऐसा बिल्कुल भी जरूरी नहीं है कि आपको ट्रेंड में रहना होगा। फैशनेबल दिखने के लिए जरूरी नहीं कि आप सारे ट्रेंड कॉपी करें। सबका अपना स्टाइल और लुक होता है और सारे ट्रेंड उस पर सूट ही करें ये जरूरी तो नहीं। सोचिए, जो



शर्ट कार्तिक आर्यन पर अच्छी लगेगी, जरूरी नहीं कि वो आप पर भी अच्छी लगे। इसलिए स्टाइलिश दिखने के लिए हर ट्रेंड फॉलो करना छोड़ दीजिए।

### अच्छी बॉडी तो लुक होगा गुड

बॉडी बढ़िया बनी हो तो आपका अच्छा दिखना पक्का है। फिर कुछ भी पहनों आप अच्छे लगेंगे ही। अगर आप ऐसा सोचते हैं तो आप गलत हैं। क्योंकि बॉडी के सिक्स पैक एब का आपके हर स्टाइल पर अच्छा लगने का कोई कनेक्शन नहीं है। कपड़े अगर अच्छे लगते हैं तो बिना सिक्स पैक के भी अच्छे लगेंगे ही। इसके लिए आपको बॉडी बनाने पर एक्स्ट्रा मेहनत करने की जरूरत नहीं है।

### कपड़े कोई नहीं देखेगा

कैसे भी दिखो लेकिन सामने वाला आपका कैरेक्टर सबसे पहले जज कर लेगा। इसलिए कपड़े इतनी अहमियत रखते ही नहीं हैं। ऐसी सोच के साथ आप गलत हैं, आपके कपड़े आप पर कितने अच्छे लग रहे हैं, इस बात का ही सबसे पहला असर सामने वाले पर पड़ता है।

इसलिए अपनी ड्रेसिंग को मौके के हिसाब से तय करने से अच्छा है कि हमेशा अच्छे लगने की कोशिश की जाए। दरअसल ज्यादातर लोग तब तैयार होते हैं, जब कोई खास मौका हो। उन्हें लगता है बाकी जगह तो लोग उनके लुक को जज नहीं करेंगे।

### अच्छे से तैयार होने में समय लगेगा

अच्छे दिखना है तो खुद को तैयार करने में बहुत समय देना पड़ता है। ज्यादातर लोग ये भी मानते हैं लेकिन ये भी भ्रम ही है। अगर कुछ प्लानिंग के साथ कपड़ों की स्टाइलिंग की जाए तो बेस्ट लुक पाने के लिए भी बहुत समय नहीं लगेगा।

इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब इसी समय काम आती है। जिसमें कई ऐसे कपड़े होते हैं जो एक- दूसरे के साथ अच्छे से मैच हो जाते हैं। कुछ ऐसा ही अगर मैनेज किया जाए तो हर बार नए लुक के लिए कुछ खास मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। ये तकरीबन सभी लोग मानते हैं कि ब्रांड कोई भी हो साइज सबके एक जैसे ही होते हैं। लेकिन ये भी गलत है। आप शायद खुद अनुभव भी कर चुके होंगे। मगर अब इसको अच्छे से मान लीजिए कि साइज एक जैसे होने की कोई गारंटी नहीं होती है।

